**आज का मौसम**

बादल छाए रहने और धूप खिलने के आसार।



37.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- बरेली बार एसोसिएशन के सचिव और कार्यकारिणी सदस्यों का नामांकन बार भवन में दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक।
- श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल कॉलेज के 24वें स्थापना दिवस पर कॉलेज परिसर में हवन सुबह 9 :40 बजे।
- राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की स्कूटर और बाइक रैली गांधी उद्यान से दोपहर 3 बजे।
- त्रिवटीनाथ मंदिर में संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा शाम 4 बजे से।

# बरेली की प्रशासनिक सेवाओं में महिला अफसरों का प्रतिनिधित्व बढ़ा

## छह तहसीलों वाले जिले में चार तहसीलों में बतौर एसडीएम कमान संभाल रहीं महिला पीसीएस अफसर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में प्रशासन के साथ ही कई अन्य विभागों की कमान आधी आबादी संभाल रही है। बरेली के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि बड़ी संख्या में महिला अफसर जनपद के विभिन्न पदों का प्रतिनिधित्व कर रही हों। इससे यह माना जा रहा है कि बरेली पिंक सिटी की ओर कदम बढ़ा रही है। छह तहसीलों वाले जनपद में चार तहसीलों की कमान बतौर एसडीएम महिला अफसर संभाल रही हैं। इससे सैकड़ों गांवों की उन महिलाओं को न्याय की उम्मीद जगी है, जो पुरुष अफसरों से अपनी बात कहने में हिचकिचाती रही हैं। बरेली कमिश्नर के साथ ही जनपद में विकास कराने की कमान भी एक महिला आईएएस अफसर के हाथ है। एडीएम प्रशासन, बीडीए सचिव, अपर मुख्य अधिकारी सहित आमजन से सीधे जुड़ने वाले कई विभागों के मुख्य पदों पर महिला अधिकारी तैनात हैं।

दरअसल, जनपद में महिला अफसरों की तैनाती की बात करें तो एडीएम प्रशासन की कमान पीसीएस अफसर पूर्णिमा सिंह संभाले हुए हैं, जबकि जिले में विकास परक योजनाओं का क्रियान्वयन का जिम्मा आईएएस देवयानी यादव बतौर सीडीओ संभाल रही हैं। साथ ही बरेली विकास प्राधिकरण में सचिव पद पर वंदिता श्रीवास्तव हैं। जिला पंचायत के तहत जनपद में विकास कार्य कराने का जिम्मा अपर मुख्य अधिकारी नीतू सिसौदिया देख रही हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अंजना सिरोही, डिप्टी कलेक्टर निधि डोडवाल और जिला मद्य निषेध अधिकारी संजना सिंह भी जिम्मेदारी संभाले हैं। कई तहसीलदार और नायब तहसीलदार पदों पर भी महिलाएं तैनात हैं।

### आमजन को न्याय और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने पर फोकस



एसडीएम सदर की जिम्मेदारी संभालने के बाद बहेड़ी एसडीएम की कमान संभाल रहीं पीसीएस रत्निका श्रीवास्तव कहती हैं कि जनपद में करीब दो साल हो रहे हैं। कई चुनौतियां आईं, जिन्हें सजगता से फेस किया। बहेड़ी तहसील में कई जनप्रतिनिधियों का हस्तक्षेप भी खूब है, लेकिन उन्हें कभी ऐसा कोई कार्य नहीं लगा, जिसे करने में दिक्कत आई। हमेशा उच्चाधिकारियों का मार्गदर्शन लेकर कार्य कर आमजन को न्याय और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने पर फोकस रहा।

### अब किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं रह गईं महिलाएं



करीब एक साल से मीरगंज तहसील की बतौर एसडीएम कमान संभाल रहीं पीसीएस तृप्ति गुप्ता कहती हैं कि आज के दौर में महिलाएं पढ़ाई में आगे हैं, इसलिए वह आगे चलकर नौकरियों में आ रही हैं। पुरुषों से ज्यादा महिलाएं कामयाब हैं। किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। पुरुषों के बराबर ही हम काम करते हैं। अच्छी बात है कि महिलाओं को उनके परिवार से समाज से सब जगह से सपोर्ट मिल रहा है और वह आगे बढ़ रहीं हैं।

### पूरा इनपुट देकर कार्य को बेस्ट करने का प्रयास करती हैं महिला अफसर



चार दिन पहले आंवला तहसील की बतौर एसडीएम कमान संभालने वाली पीसीएस विदुषी सिंह का कहना है कि जिले में महिला अफसरों का प्रतिनिधित्व ज्यादा है। महिला अफसरों को जो भी जिम्मेदारी दी जाती है, वह पूरा इनपुट देकर कार्य को बेस्ट करने का प्रयास करती हैं। पूरी निष्ठा से कार्य का निर्वहन करती हैं। बरेली में महिला अफसर बेहतर कार्य कर रही हैं। महिलाएं पहले से बेहतर गवर्नेंस का कार्य करती आई हैं।

### बीच का रास्ता निकाल दोनों पक्षों को संतुष्ट करना जरूरी



फरीदपुर तहसील की बतौर एसडीएम कमान संभाल रहीं मल्लिका नैन ने बताया कि प्रशासनिक व्यवस्था में समस्या और चुनौतियां रोज आती हैं, बहुत सारे लोग अपनी अलग-अलग समस्याओं को लेकर आते हैं, सभी की समस्याओं को सुना जाता है। दोनों पक्ष होते हैं, एक को संतुष्ट कर दिया तो दूसरा नाराज होगा, इसलिए कोई बीच का रास्ता निकालकर दोनों का संतुष्ट किया जाता है ताकि समाज में इसका संदेश जाए। महिला अफसर से ग्रामीण महिलाएं अपनी बात बेहिचक रख पाती हैं।

# आईसीसीसी के कैमरों से कांवड़ यात्रा मार्गों की होगी निगरानी

## टूटी सड़क और गंदगी की जानकारी मिलते ही फौरन पहुंचेगी टीम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** श्रावण मास में निकलने वाली कांवाड़ यात्रा को लेकर नगर निगम ने 12 सदस्यीय टीम का गठन किया है। जो इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर ( आईसीसीसी ) के कैमरों से कांवड़ यात्रा मार्गों पर नजर रखेगी। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य स्वयं मानीटरिंग करेंगे, ताकि जलभराव, गंदगी या फिर टूटी सड़क समेत अन्य कोई दिक्कत होने पर टीम तुरंत मौके पर पहुंच सके।

श्रावण मास में सातों नाथ मंदिरों वाले मार्गों की निगरानी के लिए कार्ययोजना बनाई गई है। इसके लिए पहले से लगे कैमरों को ठीक कराने और नए कैमरों को लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। नगर निगम में स्थित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के कैमरों के जरिये कांवड़ मार्गों पर हर पल निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए श्रावण मास के पहले दिन से नगर निगम की टीम, पुलिस, हैनीवेल कंपनी और बरेली स्मार्ट सिटी कंपनी के अधिकारी 24 घंटे कंट्रोल सेंटर पर मौजूद रहेंगे। अगर बारिश के दौरान शिव मंदिरों वाले सड़कों पर जलभराव होता है तो टीम मौके पर पहुंचेगी और जल निकासी की व्यवस्था करेगी। अगर किसी जगह पर कैमरे के नजर में सड़क टूटी हुई दिखी तो वहां पर निर्माण विभाग और साफ सफाई के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर समस्या का निराकरण करेगी।



बरेली कॉलेज चौराहे पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी। ● अमृत विचार

- **नगर निगम की 12 सदस्यीय टीम गठित, नगर आयुक्त स्वयं करेंगे मानीटरिंग**

> कावड़ यात्रा वाले मार्गों का निरीक्षण किया गया है। निर्देश दिए गए है कि अगर किसी जगह कमी हो तो ठीक कर लिया जाए। इस बार कैमरों से निगरानी बढ़ा दी गई है।
> –**संजीव कुमार मौर्य**, नगर आयुक्त

### नगर आयुक्त ने संभाली कमान

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि श्रावण मास की कावड़ यात्रा के दौरान नगर निगम से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए गठित 12 सदस्यीय टीम में जलकल, निर्माण और स्वास्थ्य विभाग और एसबीएम को शामिल किया गया है। मुख्य सफाई निरीक्षक, सफाई कर्मचारी और सफाई नायक के साथ एई, जेई और सुपरवाइजर इन मार्गों पर भ्रमणशील रहेंगे, ताकि सूचना मिलने पर फौरन मौके पहुंच सकें।



चौपुला चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे। ● अमृत विचार

### कांवड़ यात्रा से पहले मार्गों के भरें गड्ढे: नगर आयुक्त



निरीक्षण कर निर्देश देते नगर आयुक्त। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने गुरुवार को कांवड़ यात्रा और मोहर्रम के जुलूस के मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने कांवड़ यात्रा के मार्गों की साफ सफाई व्यवस्था ठीक करने के साथ गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए।दोपहर में नगर आयुक्त ने कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। कुछ जगहों मार्गों पर फैली गंदगी और जलभराव की समस्या को भी देखा। इस पर अधिकारियों को मौके पर ही बुलाकर समस्या का निदान करने को कहा। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा से पहले मार्गों के गड्ढे भरवाकर मरम्मत और जलभराव की समस्या को दूर करने के साथ जलनिकासी के इंतजाम करें। मोहर्रम के जुलूस और कांवड़ यात्रा के मार्गों में दोनों तरफ की झाड़ियों को कटवा दिया जाए। इन जगहों पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था की जाए। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भानू प्रकाश, उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नैन सिंह, एक्सईएन राजीव कुमार राठी, मुख्य सफाई निरीक्षक एसकेएस राठौर आदि मौजूद रहे।

## अतिक्रमण हटाने के लिए नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर स्थित ब्रजलोक कालोनी के लोगों ने गुरुवार को नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर सड़क पर अतिक्रमण कर किए गए निर्माण को हटाने की मांग की।

- **ब्रजलोक कॉलोनी के लोगों को अतिक्रमण की वजह से परेशानी**

ज्ञापन में बताया कि मॉडल टाउन और प्रेमनगर को जाने वाली सड़क पर एक व्यक्ति ने टीन शेड डालकर अतिक्रमण कर लिया है। इस वजह से लोगों के आवागमन में दिक्कत हो रही है। इसको लेकर एक बार शिकायत की गई तो नगर आयुक्त ने खुद मौके का निरीक्षण किया था। इसके बाद अतिक्रमण हटवाने का आश्वासन दिया था लेकिन अब बिना अतिक्रमण हटाए नाली का निर्माण कर दिया गया है। ज्ञापन देने वालों में आशीष मालू, शरद खंडेलवाल, अमित गोयल, विशुल महेश्वरी, सौरभ अग्रवाल आदि रहे।

## छपरा-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल ट्रेन का संचालन कल से

**बरेली, अमृत विचार:** रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए 05317/05318 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनल-छपरा स्पेशल ट्रेन का संचालन 5 और 12 जुलाई को छपरा से और 6 और 13 जुलाई को आनंद विहार टर्मिनल से दो फेरों के लिए किया जाएगा। पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 5 और 12 जुलाई को 05317 छपरा से 19:45 बजे चलकर बरेली 07:20 बजे और आनंद विहार टर्मिनल 12:30 बजे और वापसी में 05318 आनंद विहार टर्मिनल से 15:00 बजे, बरेली 20:50 बजे और दूसरे दिन छपरा 10 बजे पहुंचेगी।

# खान-पान की दुकानों पर नजर रखेंगी टीमें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **सावन माह में मिलावटखोरी और ओवररेटिंग पर अंकुश लगाने को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने तैयार की कार्ययोजना**

**अमृत विचार :** सावन का महीना 11 जुलाई से आरंभ हो रहा है। शिवालयों में जलाभिषेक के लिए कांवड़ लेकर बड़ी संख्या में कांवड़ियों के जत्थे जिले से गुजरते हैं। कांवड़ियों को शुद्ध भोजन मिले और किसी तरह का विवाद न हो, इसके लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने कार्य योजना तैयार कर ली है। विभाग की ओर से कांवड रूट और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में संचालित होटलों, ढाबों और रेस्टोरेंट के लिए नियमावली जारी कर दी गई है।

**संचालकों को करनी होंगी ये व्यवस्था :** सभी होटल ढाबे और रेस्टोरेंट में मूल्य सूची ( रेट लिस्ट ) प्रदर्शित करनी होगी। इसके साथ ही, प्रत्येक खाद्य प्रतिष्ठान को अपना लाइसेंस, मालिक का पहचान पत्र, फूड सेफ्टी सर्टिफिकेट और फूड सेफ्टी क्यूआर कोड भी अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करना होगा। इस कोड को स्कैन करके कांवड़िये रेस्टोरेंट के स्वामी समेत अन्य जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

### पांच टीमें करेंगी निगरानी

कांवड़ रूट पर जगह-जगह कांवड़ियों के लिए भंडारे आयोजित किए जाते हैं। एफएसडीए की टीमें इस बार भंडारों में कांवड़ियों के लिए तैयार होने वाले प्रसाद की भी जांच करेंगी। चेकिंग अभियान चलाने के लिए फूड इंस्पेक्टर के नेतृत्व में पांच टीमें गठित कर दी गई हैं।

> सावन को लेकर कांवड़ रूट पर संचालित होटल, रेस्टोरेंट समेत अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों के लिए आदेश जारी किया गया है। इसके अनुपालन में टीमों को गठन कर दिया गया है। चेकिंग अभियान के तहत मानक पूर्ण न मिलने पर संबंधित प्रतिष्ठान पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
> – **अक्षय गोयल**, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी

## बरेली बार एसोसिएशन: सचिव पद पर उपचुनाव को नामांकन आज से

**विधि संवाददाता, बरेली :** बरेली बार एसोसिएशन के सचिव वीरेंद्र प्रसाद ध्यानी के देहांत के बाद खाली हुए सचिव और वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के 1 पद पर 4 और 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक नामांकन होंगे। उपचुनाव के नामांकन पत्रों की जांच 7 जुलाई को दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक होगी। संयुक्त सचिव प्रकाशन रोहित यादव ने बताया कि 2378 सदस्यों की वोटर लिस्ट चस्पा हो गई है। चुनाव मंडल ने सचिव पद की पात्रता के लिए 15 वर्ष की वकालत अनिवार्य की है। वहीं सचिव पद के लिए नामांकन फीस 20 हजार रुपये और वरिष्ठ कार्यकारिणी पद के लिए 8500 रुपये निर्धारित की है।

# धार्मिक पहचान करने वाले पहलगाम के आतंकियों की तरह : मौलाना तौकीर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सावन माह से पहले गुरुवार को आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने बयान जारी कर कहा है कि कांवड़ यात्रा में जो लोग सच्ची आस्था के साथ निकलते हैं वह दंगाई नहीं हो सकते। कावड़ यात्रा के नाम पर मुजफ्फरनगर में ढाबों पर कपड़े उतारकर जो लोग धार्मिक पहचान कर रहे हैं वह उन आतंकियों की तरह हैं जिन्होंने पहलगाम में धर्म पूछकर निर्दोषों को मार दिया। उसमें फर्क इतना है कि पहलगाम में आए आतंकी विदेशी थे और पैंट उतारकर पहचान करने वाले देशी हैं। मौलाना ने कहा कि ऐसे लोगों पर भी आतंकवाद के तहत कार्रवाई होनी चाहिए।

मौलाना तौकीर रजा खां ने कहा कि सब्जी और फल बेचने वालों से कावंड यात्रा कैसे अपवित्र हो सकती है, लेकिन फिर भी अगर शासन का आदेश है कि नेम प्लेट लगा कर पहचान जाहिर होनी चाहिए तो इस आदेश पर अमल किया जाना चाहिए।

- **मुसलमान दाढ़ी और टोपी के साथ अपनी पहचान बनाएं, नेम प्लेट जैसे आदेश खुद ब खुद बंद हो जाएंगे**

मौलाना ने मुसलमानों से अपील करते हुए कहा कि हम मुसलमान हैं। हमें अपनी पहचान जाहिर करनी चाहिए, हमारी पहचान दाढ़ी और टोपी है। सभी मुसलमान चाहे वह सरकारी ओहदे पर हो या फिर अपना कोई कारोबार कर रहा है। अगर सभी दाढ़ी-टोपी की पहचान को जाहिर करें तो इस तरह के आदेश खुद ब खुद बंद हो जाएंगे। मौलाना ने कहा, हिन्दू भाई तिलक के साथ और मुसलमान दाढ़ी-टोपी के साथ रहे। उन्होंने कहा, जो लोग अपनी पहचान छिपाते हैं, इसी वजह से इस तरह की नौबत आती है। जब भी कोई सरकार आती है तो संविधान की शपथ लेकर आती है। धर्म के आधार पर किया जा रहा भेदभाव या नफरत संविधान की ली गई शपथ का उल्लंघन है। आईएमसी मीडिया प्रभारी रहे मुनीर इदरीसी ने बताया के एक चैनल से बात करते हुए मौलाना यह बात कही थी।

### कावंड़ यात्रा में धर्म की पहचान करने का किया विरोध

**बरेली, अमृत विचार :** आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने गुरुवार को एक बयान जारी करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा पूरी शांति के संपन्न हो जाएगी लेकिन उससे पहले जो घटनाएं हो रही हैं, उससे पूरे भारत के मुसलमान चिंतित हैं। कावंड़ यात्रा के रूट पर ठेले या दुकानें लगाने वालों के धर्म की पहचान कराने के नाम पर उनकी पैंट उतारी जा रही है। जिसका हम विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस्लाम एक दायरे में रहने की बात कहता है। मुसलमान अपनी पहचान नहीं छुपाए। सभी ठेले वाले अपना नाम जरूर लिखें। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आगे निकलने की होड़ कर रहे हैं।




## मोहर्रम के रूट पर मुख्य अभियंता ने किया निरीक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में रविवार को निकलने वाले मोहर्रम के जुलूस को लेकर पावर कारपोरेशन के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने गुरुवार रात अधिकारियों के साथ रूट का निरीक्षण किया। वह उपकेंद्र शाहदाना से कांकरटोला सब्जी मंडी होते हुए पुलिस चौकी, मदीना शाह, जगतपुर तिराहा और उपकेंद्र तक करीब तीन किलोमीटर की पैदल गश्त की। उन्होंने खंभों पर लगाए गए पॉलीथिन रैप का निरीक्षण और ट्रांसफार्मर पर पीक ऑवर में लोड का मापन भी किया।

# नगर निगम: हाउस टैक्स में छूट की तिथि बढ़ाने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पार्षदों की मांग पर हो रहा मंथन मेयर की हरी झंडी का इंतजार**

**अमृत विचार :** हाउस टैक्स पर मिलने वाली 10 प्रतिशत की छूट की तिथि 30 जून को समाप्त हो चुकी है। पार्षदों और लोगों की मांग पर इसे बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। इसको लेकर महापौर डा. उमेश गौतम के फैसले का किया जा रहा है। महापौर को अधिकार है कि वह कार्यकारिणी की बैठक में स्वीकृति की प्रत्याशा में निर्णय ले सकते हैं।

कई पार्षदों ने महापौर और नगर आयुक्त से शिकायत कर बताया है कि टैक्स विभाग के साफ्टवेयर में गड़बड़ी के कारण लोगों के बिल गलत आए हैं और उसका समय से सुधार विभाग ने नहीं किया है, जबकि स्वकर फार्म को लेकर भी लापरवाही बरती है गई है। वहीं अप्रैल से 30 जून तक मिलने वाली छूट के दौरान काफी समय तक साफ्टवेयर अपडेट करने की वजह से 20 से 25 दिन का समय गुजर गया है। इसके कारण अप्रैल माह में करीब एक सप्ताह का समय भवनस्वामियों को 10 प्रतिशत छूट के साथ टैक्स जमा करने का मौका मिला है। इन सभी बातों को लेकर एक बार फिर से छूट की अवधि बढ़ाने की मांग कई है। इसको लेकर महापौर और अधिकारी मंथन कर रहे हैं।

निगम के सूत्रों की बातों पर गौर किया जाए तो 10 प्रतिशत छूट की अवधि करीब एक माह के लिए बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। इन दिनों महापौर शहर से बाहर हैं, इसके कारण इस पर निर्णय नहीं हो पा रहा है। उप सभापति सर्वेश रस्तोगी ने बताया कि छूट की अवधि बढ़ाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। महापौर से हम बात करेंगे, लिखित रूप से मांग की जाएगी। पार्षद सतीश कातिब मम्मा ने बताया कि महापौर एक दो दिन में आने वाले हैं। हमें पूरा विश्वास है कि वह कार्यकारिणी के स्वीकृति की प्रत्याशा में लोगों की सुविधा का पूरा ख्याल करेंगे। सपा के वरिष्ठ पार्षद राजेश अग्रवाल ने बताया कि टैक्स विभाग की मनमानी और हर स्वकर फार्म की जांच नियमों की अनदेखी कर कराने से काफी संख्या में लोग छूट से वंचित हो गए हैं। हमने छूट की अवधि बढ़ाने की मांग की है। सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना ने बताया कि अप्रैल माह में साफ्टवेयर अपडेट करने के कारण लोगों के बिल जमा नहीं हो पाए हैं। इसके कारण भवनस्वामियों को बड़ा नुकसान हुआ है। हम जनहित में छूट की अवधि बढ़ाने के लिए मांग करेंगे।

## बीसलपुर चौराहा पुलिया : एक तरफ का काम पूरा, दूसरी तरफ का शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** बीसलपुर चौराहे पर बन रही पुलिया का एक तरफ का काम पूरा हो गया है। गुरुवार को दूसरी तरफ का काम शुरू करने के लिए नाले के पानी का बहाव दूसरी तरफ कर दिया गया है, ताकि जल्द से जल्द काम पूरा हो सके।



बीसलपुर चौराहा पुलिया पर एक साइड का काम पूरा। ● अमृत विचार

बीसलपुर चौराहे पर पुलिया जाम होने के कारण जगतपुर नाले के पानी का बहाव न होने के कारण करीब नौ वार्डों में जलनिकासी की समस्या से उत्पन्न हो जा रही थी। इसको लेकर नगर निगम 84 लाख रुपये के बजट से बीसलपुर चौराहे पर पुलिया का निर्माण 25 मई से शुरू किया गया है। लोक निर्माण विभाग को निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके लिए 90 दिन का समय निर्धारित किया गया है। यहां पर एक तरफ की पुलिया का काम पूरा होने के बाद दूसरे तरफ का काम शुरू किया गया है। बारिश का मौसम होने के कारण मोहल्लों में जलभराव न हो, इसके लिए नाले के पानी के बहाव दूसरी तरफ किया है। वार्ड 43 आकाश पुरम पार्षद पूनम राठौर के पति चंद्रपाल राठौर ने बताया कि काम तेजी गति से होने कारण निर्माण निर्धारित समय से काफी पहले पूरा हो जाएगा। इससे लोगों की समस्या दूर हो जाएगी।

# जिला जेल में स्मैक तस्कर के आरोपी की मौत, हंगामा

## परिजनों ने एसओजी पर लगाए पिटाई और 10 लाख लेने के आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली



जिला अस्पताल में रोते बिलखते आदेश के परिजन।

**अमृत विचार :** मणिपुर से कच्चे माल को लाकर फैक्ट्री में स्मैक बनाने के आरोप में बुधवार को जेल भेजे गए फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के मनकरी गांव निवासी आदेश तिवारी (27) की एक दिन बाद ही गुरुवार को जिला जेल में मौत हो गई। इससे गुस्साए परिजनों ने जमकर हंगामा किया। साथ ही एसओजी टीम पर आदेश को अवैध रूप से हिरासत में रखकर पिटाई करने और 10 लाख रुपये रिश्वत लेने का भी आरोप लगाया।



आदेश (फाइल फोटो)

एसओजी और इज्जतनगर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मोहल्ला नई बस्ती सराय कस्बा फतेहगंज पश्चिमी निवासी अकरम, आसिफ, जावेद, राशिद, गांव तिलियापुर के हारुन के साथ ही गांव मनकरी निवासी आदेश तिवारी को स्मैक बनाने और उसे सप्लाई करने के आरोप में बुधवार को जेल भेजा था। बंदी आदेश से मिलने के लिए उसके बड़े भाई अंशू और भाभी गौरी गुरुवार को जिला जेल पहुंचे थे। मुलाकात स्थल पर आदेश अपने भाई और भाभी से बातचीत कर रहा था। इसी दौरान बंदी आदेश की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसे जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बंदी आदेश की मौत पर परिजनों का गुस्सा भड़क गया और आरोपी पुलिस कर्मियों की मांग को लेकर जिला अस्पताल में जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंचे पुलिस अफसरों ने सभी को समझा-बुझाकर शांत कराया। इस दौरान परिजनों ने एसओजी पर अवैध हिरासत में रखकर मारपीट करने और दस लाख रुपये की रिश्वत लेने का भी आरोप लगाया। उधर, वरिष्ठ जेल अधीक्षक विपिन मिश्रा ने जिला जेल में आदेश की मौत के मामले की न्यायिक जांच के लिए भी पत्र लिखा है।

> इज्जतनगर पुलिस ने आदेश तिवारी समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इनके कब्जे से सात करोड़ रुपये की स्मैक बरामद हुई थी। डॉक्टरों के पैनल से वीडियो ग्राफी के साथ पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> -आशुतोष शिवम, सीओ प्रथम

### एसएसपी बोले, जेल भेजते समय मेडिकल रिपोर्ट में नहीं थी कोई इंजरी

एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि स्मैक तैयार कर समाज में नशे की सामग्री बेचने और फैलाने वाले गैंग को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। आरोपी आदेश को नियमानुसार गिरफ्तार कर मेडिकल कराते कोर्ट में पेश किया गया था। न्यायिक हिरासत में भेजने से पहले मिले मेडिकल रिपोर्ट में किसी प्रकार की कोई इंजरी नहीं थी। जेल में परिजनों के साथ मुलाकात के दौरान उसकी तबीयत खराब होने के बाद निधन हो गया। मृत्यु का कारण जानने के लिए वीडियोग्राफी के साथ पैनल से पोस्टमॉर्टम कराने के लिए निर्देशित किया है। जानकारी में आया है कि मृतक हार्ट पेशेंट था और स्टेंट पड़े हुए थे। इसकी पुष्टि के लिए मेडिकल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का अध्ययन किया जाएगा। आदेश पर एनडीपीएस एक्ट के तहत देहरादून में 2018-2019 और बरेली में 2025 में मुकदमे दर्ज हैं। परिजन अगर लिखित शिकायत करते हैं तो उसकी जांच राजपत्रित अधिकारी से कराकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एसओजी का विवादों से पुराना नाता छह माह तक रही थी भंग

एसओजी टीम का विवादों से पुराना नाता रहा है। साल 2020 में एसओजी टीम का रिश्वत के रुपयों के बंटवारे को लेकर काफी विवाद हुआ था। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मामले में तत्कालीन एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने एसओजी कर्मियों के खिलाफ कोतवाली में भ्रष्टाचार की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। साथ ही निलंबन की कार्रवाई के साथ पूरी एसओजी टीम भंग कर दी थी। छह माह एसओजी भंग रही थी। जिला अस्पताल में हंगामे की सूचना के बाद कोतवाली प्रभारी अमित कुमार पांडे पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।

### दो माह बाद आदेश की थी शादी, घर में चल रही थीं तैयारियां

**बरेली, अमृत विचार :** मणिपुर से कच्चे माल को लाकर फैक्ट्री में स्मैक बनाने के आरोप में बुधवार को जेल भेजे गए फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के मनकरी गांव निवासी आदेश तिवारी की दो महीने बाद शादी थी। उनके घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। इसी बीच मौत के बाद खुशियां गम में बदल गई। परिजनों ने खेत और जेवर बेचकर 10 लाख रुपये देने के आरोप लगाए हैं। उधर पुलिस का दावा है कि आदेश हार्ट पेशेंट था। उसे पहले से ही स्टेंट पड़े हुए थे। फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के मनकरी गांव निवासी आदेश तिवारी की गुरुवार को जेल में अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। जिला जेल के अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भेजा गया था, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुस्साये परिजनों ने हंगामा करते हुए आरोप लगाया कि एसओजी ने आदेश तिवारी को 29 जून को घर से उठाया था, जबकि, दो जुलाई को जेल भेजा था। इस दौरान अवैध रूप से हिरासत में रखकर उसकी जमकर पिटाई की गई थी। परिजनों का आरोप यह भी है कि एसओजी की तरफ से 10 लाख रुपये की मांग की गई। इसे पूरा करने के लिए खेत और जेवर तक बेच दिए गए। आदेश की मां सरस्वती ने आरोप लगाया कि एसओजी की टीम ने उसके बेटे आदेश की बेरहमी से पिटाई की। इस वजह से उसकी मौत हो गई। वहीं, आदेश के बड़े भाई अंशु तिवारी ने बताया कि वह खुद एसओजी को दस लाख रुपये देकर आया था। रुपये न देने पर ज्यादा स्मैक में जेल भेजने की धमकी दी थी। साथ ही कहा कि ज्यादा बरामदगी दिखाई गई तो कई साल के लिए जेल चला जाएगा और जल्दी जमानत भी नहीं होगी। वहीं, भाभी गौरी ने बताया कि उसके देवर की मोबाइल की दुकान थी। आदेश की शादी तय हो गई थी, दो महीने बाद शादी होनी थी। मां सरस्वती ने बताया कि उसके तीन में बड़े बेटे अंशु की शादी हो चुकी है, बाकी दोनों बच्चों की शादी नहीं हुई है। आदेश दूसरे नंबर का था, जबकि सबसे छोटा अंकुर तिवारी है। लेकिन, पुलिस ने एक बेटे को पीट-पीट कर मार डाला।




# बिना नक्शा पास कराए बन रहे तीन भवन सील



अवैध रूप से बनाए गए भवन को बीडीए ने किया सील। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बीडीए की टीम ने अवैध निर्माणों के खिलाफ नरियावाल में चलाया अभियान

**अमृत विचार :** अवैध निर्माणों पर लंबे समय से बरेली विकास प्राधिकरण यानि बीडीए कार्रवाई कर रहा है। बावजूद इसके लोग नियम ताक पर रख आवास समेत अन्य निर्माण कर रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को बिना नक्शा पास कराये मकान का निर्माण करने पर बीडीए की टीम ने तीन भवनों को सील कर मकान स्वामियों को नोटिस जारी किया है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार शहर के शाहजहांपुर रोड स्थित गांव नरियावल में गौरव गुप्ता पुत्र अशोक गुप्ता बिना नक्शा पास कराए मकान का निर्माण करा रहे थे, इसके साथ ही आमिर खान उसी इलाके में बिना अनुमति के व्यावसायिक भवन का निर्माण कर रहे थे। वहीं, ग्राम भिन्डौलिया में अशरफ हुसैन पुत्र बरकत हुसैन ने भी प्राधिकरण की मंजूरी के बिना मकान निर्माण शुरू कर दिया था। प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम में शामिल संयुक्त सचिव दीपक कुमार, अवर अभियंता अजीत कुमार साहनी, संजीव कुमार और सीताराम ने मौके पर पहुंचकर तीनों निर्माणों को सील कर दिया।

# नेग वसूलने पर किन्नर पर चाकू से किया हमला

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में फर्जी किन्नर बनकर नेग मांगने का विरोध करने पर एक किन्नर के साथ मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी दी। किन्नर की शिकायत पर पुलिस ने चार नामजद समेत 24 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जगतपुर गौटिया निवासी किन्नर सनम ने बताया कि वह नवाब उर्फ मुन्नी की चेला है। गुरुवार को वह बधाई लेने अपने क्षेत्र में गई थी। आरोप है कि पीछे से अन्ने उर्फ आनिया, अलाउद्दीन उर्फ शारदा, रेखा उर्फ छोटे और सलमा उर्फ बन्नेशाह के साथ 15-20 लोग आए और सभी लोगों ने उस पर लाठी-डन्डों और चाकू से हमला कर दिया। मारपीट में उसके कान का पर्दा फट गया। आरोप लगाया कि अन्ने उर्फ आनिया और अलाउद्दीन उर्फ शारदा 2006 में रामचन्द्र उर्फ सुनीता की हत्या के मामले में हाफिजगंज थाने से जेल जा चुके हैं।

# ठग ने आर्मी अफसर बताकर लगाया 70 हजार का चूना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बारादरी थाना क्षेत्र का मामला एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** आर्मी अफसर बताकर जालसाज ने बारादरी थाना क्षेत्र के युवक से 70 हजार रुपये ठग लिए। खुद को आर्मी अफसर बताने वाले ठग ने युवक के मोबाइल फोन पर क्यूआर कोड भेजकर रुपये ट्रांसफर करा लिए। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के जगतपुर नई बस्ती निवासी मोहम्मद अथर ने बताया कि उसे 30 जून को फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को आर्मी का कर्नल विजय कुमार बताया और कहा कि उसके खाते में गलती से 91 हजार ट्रांसफर हो गए हैं। भरोसा दिलाने के लिए उसने दो अलग-अलग रकम 10 हजार और 81 हजार ट्रांसफर होने के फर्जी मैसेज भी भेजे। अथर ने भरोसे में आकर आरोपी के भेजे गए एक क्यूआर कोड पर 25 हजार और 10 हजार और दूसरे क्यूआर कोड पर 25 हजार व 10 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब शाम को उसे रुपयों की जरूरत पड़ी और वह एटीएम पहुंचा तो पता चला कि उसके खाते में कोई रकम नहीं है। स्टेटमेंट चेक करने पर खुलासा हुआ कि उसके खाते में कोई रकम आई ही नहीं थी। उसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ।

पीड़ित ने आरोपी के मोबाइल नंबरों पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसने बात करने से साफ इनकार कर दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसएसपी से की। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# अवैध मेडिकल स्टोर में मिला दवाओं का जखीरा, 10 नमूने किए संग्रहित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीएम के आदेश पर ड्रग विभाग ने सीबीगंज के बल्ला कोठा में चलाया अभियान
- बिना लाइसेंस के हो रहा था मेडिकल स्टोर का संचालन दवाओं को किया गया सीज

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी के आदेश पर औषधि विभाग ने गुरुवार को सीबीगंज क्षेत्र के बल्ला कोठा गांव में बिना लाइसेंस के चल रहे मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान मौके से करीब 90 हजार रुपये की अवैध एलोपैथिक दवाएं बरामद की गईं, जिन्हें तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया गया है। इसके साथ ही 10 दवाओं के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

**संचालक नहीं दिखा सका दस्तावेज :** दरअसल, ड्रग विभाग की टीम में औषधि निरीक्षक राजेश कुमार और अनामिका अंकुर जैन दोपहर करीब दो बजे सीबीगंज के बल्ला कोठा पहुंचे। यहां लंबे समय से बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर के संचालन की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर अधिकारियों ने छापेमारी की स्टोर पर मौजूद नेकपाल पुत्र देवीलाल से जब दवाओं के क्रय-विक्रय से संबंधित अभिलेख और लाइसेंस की मांग की गई, तो कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा सका। वहीं पंजीकरण संबंधी अन्य मानक भी अधूरे थे। टीम को स्टोर में कई तरह की एलोपैथिक दवाएं भी उपलब्ध मिलीं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इन दवाओं की कीमत लगभग 90,000 रुपये है। इन सभी को जब्त कर सीज कर दिया गया। औषधि निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि दवाओं के नमूने जांच को लैब भेज दिए गए हैं, वहीं जल्द ही कोर्ट में वाद भी दायर किया जाएगा।



अवैध मेडिकल स्टोर से मिली दवाओं को सील करते विभागीय अफसर। • अमृत विचार

# बिजली चोरी पकड़ने पर नहीं बकाया वसूली पर ज्यादा जोर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मुख्य अभियंता बोले, पहले वसूली करके जमा कराएं बिजली बकाये की धनराशि
- सुबह बिजली चोरी की रिपोर्ट शाम को ऐसे उपभोक्ताओं से वसूली को पहुंच रहीं टीमें

**अमृत विचार :** मुख्य अभियंता ने बिजली चोरी पकड़ने से अधिक जोर अब पहले से दर्ज बिजली चोरी के मामले में वसूली के दिया है। इसके बाद अब विजिलेंस और एचआर टीम भोर में मार्निंग रेड करने के बाद शाम को वसूली के लिए उपभोक्ताओं के घर पहुंच रही हैं।

शहरी क्षेत्र में लाइन लॉस कम करने के लिए एचआर और विजिलेंस टीम हर रोज शहर के अलग अलग इलाकों में जाकर बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई कर रही है। इसके बाद अब बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि बिजली चोरी में कार्रवाई करने से अधिक जोर बिजली चोरी के मुकदमे में डाला गया जुर्माना वसूलने पर हो। मुख्य अभियंता ने एचआर अधिशासी अभियंता को पिछले छह माह में दर्ज कराई गई बिजली चोरी की रिपोर्ट में डाला गया जुर्माना जमा कराने को कहा है। इसके बाद अब टीमें उपभोक्ताओं के घर जाकर बिजली चोरी का जुर्माना जमा कराने को कह रही हैं। वही मार्निंग रेड में बिजली चोरी पकड़े जाने के बाद उपभोक्ता के कनेक्शन काटने के भी निर्देश दिए गए हैं। अगर बिना जुर्माना जमा किए हुए उपभोक्ता का कनेक्शन जुड़ा मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कराने को कहा है।

# घर में घुसे युवक ने युवती से की दुष्कर्म की कोशिश, रिपोर्ट

**सीबीगंज, अमृत विचार :** दूसरे समुदाय के युवक से परेशान युवती ने घर से निकलना बंद कर दिया तो आरोपी युवक दीवार कूदकर घर में घुस गया। जहां पर उसने युवती से साथ छेड़छाड़ की। शोर-शराबा के बाद पहुंचे लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सीबीगंज के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी को आए दिन राह चलते व दुकान पर जाते समय गांव का ही दूसरे समुदाय का उमर परेशान करता था। रास्ते में भी छेड़छाड़ करता था। उमर के घर वालों से शिकायत की मगर वह फिर भी नहीं माना। उसकी बेटी ने घर से निकलना बंद कर दिया। गुरुवार को तड़के करीब साढ़े तीन बजे उमर घर की दीवार कूदकर अन्दर घुस आया और बेटी के साथ छेड़छाड़ की और दुराचार की कोशिश की। मौके पर लोगों ने आरोपी उमर को पकड़ लिया।

# बाइक सवार युवकों को ट्रक ने रौंदा, एक की मौत

- मोबाइल सही करा कर घर लौट रहे थे दोनों दोस्त

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात लखनऊ हाईवे पर मोबाइल सही कराकर घर लौट रहे दो बाइक सवारों को ट्रक ने रौंद दिया, जिससे एक की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।



अमरपाल (फाइल)

गांव रजऊ निवासी अमरपाल (40) अपना मोबाइल फोन ठीक कराने के लिए अपने दोस्त जयदीप के साथ बुधवार देर रात लखनऊ हाईवे स्थित रजऊ अड्डे पर गए थे। दोनों मोबाइल सही करा कर बाइक से घर लौट रहे थे। रात करीब 10 बजे बरेली की तरफ से आ रहे ट्रक ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें अमरपाल की मौके पर मौत हो गई, जबकि जयदीप घायल हो गया। जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अमरपाल खेती करते थे।

### डंपर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**आंवला, अमृत विचार :** डंपर की टक्कर से कार सवार रेडीमेड कपड़ा व्यापारी की मौत के मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बदायूं के अलापुर निवासी शाहिद मियां के अनुसार उसका बेटा मो. शहनवाज बुधवार सुबह कार से आंवला आ रहे थे। कनगांव-धर्मपुर गांव के बीच में डंपर ने उनके बेटे की कार में टक्कर मार दी। हादसे में बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। कार बुरी तरह छतिग्रस्त हो गई।

# ड्यूटी को निकली महिला लेखपाल गायब, कई घंटे बाद बेहोश मिली

संवाददाता, फरीदपुर

- गला दबाकर जान लेने की कोशिश, धमकी देने के आरोप में युवक को हिरासत में लिया

**अमृत विचार :** सुरेश शर्मा नगर से ड्यूटी के लिए निकली महिला लेखपाल रहस्यमय ढंग से गायब हो गई। जिससे परिजनों और तहसील स्टाफ में खलबली मच गई। कई घंटों के बाद वह नवाबगंज क्षेत्र में बेहोशी की हालत में मिली। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

महिला लेखपाल गीता गंगवार पिछले एक साल से फरीदपुर तहसील में कार्यरत हैं और वर्तमान में बहादुरपुर करोड़ हल्का देख रही हैं। गीता गंगवार गुरुवार को अपने पति को कॉलेज भेजने के बाद सुरेश शर्मा नगर स्थित घर से सुबह लगभग 10 बजे तहसील के लिए निकली थीं। बताया जा रहा है कि वह अपने साथी लेखपाल रिंकू से फोन पर बातचीत कर रही थी। इसी बीच, अचानक चीख की लंबी आवाज सुनाई दी और फोन कट गया। साथी लेखपाल ने बार-बार फोन किया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। अनहोनी की आशंका में तहसीलदार सुरभि राव, परिजन और साथी लेखपाल फरीदपुर कोतवाली पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम को दोनों लेखपालों के बीच की बातचीत सुनाते हुए मदद मांगी। इस बीच, जानकारी मिली कि महिला लेखपाल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लेखपाल के परिजन व स्थानीय लेखपाल साथी नवाबगंज के लिए रवाना हो गए। वहां पहुंचने पर पता लगा कि महिला लेखपाल को एंबुलेंस से लाकर युवक ने भर्ती कराया है। वहीं, लेखपाल के पति सर्वेश गंगवार ने बताया कि पुलिस ने दिनेश निवासी कुकड़ी खेड़ा जिला पीलीभीत को हिरासत में लिया है। वह उनकी पत्नी को फोन पर धमकाता था और कई बार धमका कर उसने उनकी पत्नी से रुपये भी वसूले थे, क्योंकि इससे पूर्व पीलीभीत में पोस्टिंग के दौरान उनकी दिनेश से जान पहचान हो गई और वह दिनेश से बात भी करती थीं, इसीलिए दिनेश से रुपयों का लेनदेन भी होता रहता था। पति ने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी गीता गंगवार के गले पर भी निशान हैं जिससे प्रतीत होता है कि उनकी पत्नी की गला घोटने का भी प्रयास किया गया है। पत्नी के होश में आने पर ही सच्चाई सामने आएगी।



अस्पताल में भर्ती महिला लेखपाल।

# सुभाषनगर में पूरी रात बिजली गुल, पानी को भी तरसे लोग

## अनुपमनगर, गंगानगर कॉलोनी, वैष्णो मंदिर, रैन बसेरा फीडर पर सबसे अधिक दिक्कत रही

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कुतुबखाना में 33 केवी की लाइन ट्रिप होने से गुरुवार सुबह रहा बिजली संकट
- कोहाड़ापीर में ट्रांसफार्मर में खराबी आने से बिजली आपूर्ति रही प्रभावित

**अमृत विचार :** सुभाषनगर सबस्टेशन के कई इलाकों में बुधवार पूरी रात बिजली संकट बना रहा और गुरुवार सुबह पानी की आपूर्ति को भी लोग तरस गए। वहीं कुतुबखाना में गुरुवार सुबह 33 केवी लाइन ट्रिप होने से बिजली संकट रहा। कोहाड़ापीर में ट्रांसफार्मर में खराबी से आपूर्ति प्रभावित हुई। शहर के अन्य इलाकों में लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान हुए।

सुभाषनगर सबस्टेशन के रैन बसेरा फीडर पर बुधवार रात 11 केवी की लाइन में फाल्ट हो गया। जिससे गुरुवार सुबह 8 बजे तक अनुपमनगर, गंगानगर कॉलोनी, वैष्णों मंदिर आदि इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहीं मिशन सबस्टेशन के चौपुला फीडर पर पोल से जंपर उड़ जाने से आपूर्ति प्रभावित रही। ढलाव वाली मठिया के पास गुरुवार रात पोल में करंट आने से हादसा होने से बच गया।

### बालीपुर में चार दिन बाद आपूर्ति हुई बहाल

राधा माधव सबस्टेशन के बालीपुर गांव में चार दिन तक बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अवर अभियंता गोविंद चौहान ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान रविवार को भूमिगत केबल कट गई थी। जिससे क्षेत्र में आपूर्ति बाधित हो गई थी। उसके बाद बुधवार को डबल सर्किट की केबल डालकर क्षेत्र में आपूर्ति को बहाल कराया गया। बिजली विभाग की लापरवाही के चलते गांव के लोगों को भीषण गर्मी में बिना बिजली के रहने पड़ा।

कुतुबखाना सबस्टेशन पर गुरुवार शाम 7 बजे यार्ड में बंदर के आ जाने से 33 केवी की सप्लाई ट्रिप हो गई। जिससे एक घंटा तक क्षेत्र में आपूर्ति प्रभावित रही। कुतुबखाना सबस्टेशन के आला हजरत फीडर, कोहाड़ापीर, आलमगीरीगंज पर मोहर्रम का जुलूस निकलने के चलते शटडाउन लेकर आपूर्ति को बंद कराया गया। सिविल लाइंस- 2 सबस्टेशन के सिटी स्टेशन रोड पर फाल्ट होने के चलते शाम 6 से 7 बजे तक बिजली गुल रही।

गुरुवार शाम करीब पांच बजे कोहाड़ापीर सबस्टेशन के बरगद वाले मंदिर के पास ट्रांसफार्मर में खराबी आने से आपूर्ति प्रभावित रही। रामपुर गार्डन में वोल्टेज कम और अधिक होने की समस्या रही। सिविल लाइंस प्रथम सबस्टेशन पर दोपहर में लोकल फाल्ट होने से एक घंटा तक आपूर्ति बाधित रही।

राजेन्द्रनगर, डीडीपुरम, सनसिटी, हरुनगला, जगतपुर के साथ सीबीगंज क्षेत्र में भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग होने से उपभोक्ता परेशान होते रहे। वहीं सुभाषनगर के शांति विहार में गुरुवार दोपहर को 2 से 5 बजे तक ट्रांसफार्मर बदलने को लेकर बिजली आपूर्ति बाधित रही।



मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ




डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली



सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- पागलपन
- बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
- शीघ्र पतन, तनाव न आना
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
- नशे की आदत
- याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
- बच्चों में चंचलता
- बिस्तर गीला करना
- नींद न आना, ज्यादा आना
- बार-बार हाथ धोना OCD

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400


# शहादत को याद कर निकले मेहंदी के जुलूस

## सातवें मोहर्रम पर शिया समुदाय में मजलिस और मातम भी जारी रहा, आंखें हुईं नम

कार्यालय संवाददाता, बरेली



किला क्षेत्र में जुलूस निकालते शिया समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** शिया समुदाय में गुरुवार को सातवें मोहर्रम के मौके पर मेहंदी का जुलूस निकाला गया। मोहर्रम पर शिया समुदाय में मजलिस और मातम भी जारी रहा। इमामबाड़ा फतेह अली शाह में हजरत कासिम के ताबूत की जियारत कराई गई। उनकी शहादत का बयान सुनकर कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों की आंखें नम हो गईं। महिलाओं ने भी मजलिस और मातम किया।

हजरत कासिम की शहादत की याद में एक जुलूस मोहल्ला गढ़ैया इमामबाड़ा गुलाम मुहम्मद आब्दी के इमामबाड़े से अंजुमन गुलदस्ता ए हैदरी की ओर से निकाला गया। जिसकी मजलिस को इमाम ए जुमा मौलाना शम्सुल हसन खां ने खिताब करते हुए हजरत कासिम की शहादत बयां की।

जुलूस गुरुवार रात फूलवालान, कंघी टोला होते हुए कोठी नवाब नब्बू साहब, किला सब्जी मंडी पहुंचा। उसके बाद अंजुमन गुलदस्ता ए हैदरी ने नौहख्वानी की। फिर जुलूस किला चौराहा, दीवानखाना होते हुए इमामबाड़ा फतेह अली शाह काला इमामबाड़ा में समाप्त हुआ। इंग्लिशगंज महमूद मंजिल से अंजुमन ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी ने हजरत कासिम की शहादत की याद में परंपरागत जुलूस निकाला। दीवानखाना किला से अंजुमन शमशीर ए हैदरी ने और अंजुमन परचम ए अब्बास ने छीपीटोला छोटी मस्जिद से जुलूस निकाला।

अंजुमन ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू काजमी ने बताया कि जुलूस इमामबाड़ा फतेह अली शाह काला इमामबाड़ा में पहुंचकर समाप्त हुए। उन्होंने बताया कि शुक्रवार दोपहर 1 बजे इमामबाड़ा फतेह अली शाह काला इमामबाड़ा से जरीदो का ऐतिहासिक जुलूस निकलेगा।

### दरगाह पहलवान साहब पर लगाई गई सबील

**बरेली, अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित दरगाह पहलवान साहब पर गुरुवार को शरबत की सबील लगाई गई। जिसमें राह चलते लोगों को शरबत पिलाया गया। मुख्य रूप से फरहान रजा खान, नोमान रजा खान, रिजवान अंसारी, शहजाद पठान नियाजी, रहबर अंसारी, मोहसिन पठान, वासिफ यार खान, निजाम कुरैशी, निजाम अजहरी आदि लोग मौजूद रहे।

### जुलूस-ए-हुसैनी निकाला



**बरेली, अमृत विचार :** सातवें मोहर्रम पर गुरुवार को सुभाषनगर स्थित पुरवा बब्बन खां बस्ती के इमामबाड़ा चुम्मन बी के मुतवल्ली आसिफ खान की मौजूदगी में जुलूस ए हुसैनी निकाला गया। सबसे पहले जुलूस ए हुसैनी ने चुम्मन बी के इमामबाड़े में सलामी दी और मन्नत मुरादों के चांदी के अलम चढ़ाए। देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ की गई। जुलूस साबरी मस्जिद, खन्ना बिल्डिंग, रेलवे कॉलोनी, सुभाषनगर पुलिया होते हुए सराय, मुस्तफानगर पहुंचा। जुलूस में शामिल लोगों को जगह-जगह लंगर बांटा गया। नसीम अहमद खान, इसराफिल राशमी खान, पूर्व पार्षद अब्दुल जब्बार, पम्मी खान वारसी आदि ने जुलूस में साथ चलकर कौमी एकता भाईचारे का संदेश दिया। इस मौके पर आसिफ खान, सलमा खान, फरजाना रहुफ, सैफ उल्लाह खान, आमिर खान, वामिख खान कामिल, साहिर खान, आतिफ खान, नसीम उल्लाह खान, हाजी नौशाद अली खान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### कर्बला के शहीदों की याद में लगाए फलदार पौधे



**बरेली, अमृत विचार :** मोहर्रम के मौके पर जनसेवा टीम ने कर्बला के शहीदों की याद में सिविल लाइंस स्थित मस्जिद नौमहला में पौधरोपण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. केबी त्रिपाठी ने की। उन्होंने कहा कि सबको चाहिए कि अधिक से अधिक पौधरोपण किया जाए। जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खां वारसी ने मोहर्रम के माह में 72 पौधे लगाने की अपील की। खानकाह-ए-वामीखिया के सज्जादानशीन असलम मियां वामीखि और मोहम्मद कासिम रजवी ने कहा कि इमाम हुसैन ने हम सबको भलाई और सच्चाई की सीख दी है। आने वाली पीढ़ी को प्रदूषण से निजात मिले इसके लिए पौधरोपण करें। इस मौके पर डॉ. सीताराम राजपूत, अहमद उल्लाह वारसी, हाजी साकिब रजा खां, जियाउर्रहमान, शाने अली कमाल मियां साबरी, फिरोज पठान, नईम खान आदि शामिल रहे।

### मदीना शाह इमामबाड़े से निकाला गया जुलूस



**बरेली, अमृत विचार :** सातवें मोहर्रम पर मदीना शाह इमामबाड़े से गुरुवार को अब्बासी समाज की सबसे पुरानी सबील का जुलूस निकाला गया। अखिल भारतीय अब्बासी वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष शारिक अब्बासी ने बताया कि जुलूस का लोगों ने जगह-जगह पर स्वागत किया। जुलूस में शामिल लोगों को हुसैनी लंगर भी बांटा गया।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली



नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital
Grant Medical College Mumbai





मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786


## हथकरघा पुरस्कार के लिए 4 सितंबर तक करें आवेदन

**बरेली, अमृत विचारः** हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग की ओर से बरेली मंडल के चारों जिलों के हथकरघा बुनकरों के हुनर को सम्मान दिया जाएगा। सहायक आयुक्त सर्वेश कुमार शुक्ला ने बताया कि हथकरघा उद्योग के बुनकरों को प्रोत्साहित करने के लिए संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना के अंतर्गत मंडल स्तर पर बुनकरों के लिए प्रथम पुरस्कार 20 हजार, द्वितीय 15 हजार और तृतीय 10 हजार की नकद धनराशि के साथ ही प्रतीक चिह्न और प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

बुनकरों को अपने उत्कृष्ट एवं कलात्मक सैंपल को पूर्ण विवरण सहित सिटी स्टेशन निकट माल गोदाम रोड स्थित सहायक आयुक्त कार्यालय में 4 सितंबर तक जमा करना होगा।

## 9 जुलाई को मनाया जाएगा मुफ्ती-ए-आजम का कुल

- दरगाह आला हजरत से पोस्टर हुआ जारी

**बरेली, अमृत विचारः** आला हजरत के छोटे बेटे मुफ्ती-ए-आजम हिंद के एक रोजा 45 वें उर्स का गुरुवार को पोस्टर जारी किया गया। 9 जुलाई को उर्स दरगाह ताजुश्शरिया में काजी-ए-हिन्दुस्तान मुफ्ती मुहम्मद असजद रजा खां की सरपरस्ती और सदारत में मनाया जाएगा।

जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान हसन खान (सलमान मियां) ने बताया कि देश भर से उलमा और जायरीन उर्स ए नूरी में शामिल होने के लिए आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि 9 जुलाई को उर्स का आगाज फजर की नमाज के बाद कुरानख्वानी से होगा। उसके बाद रात करीब 10 बजे नात-ओ-मनकबत और बाहर से आए उलमा की तकरीरें होंगी। देर रात 1:40 बजे कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। सलमान मियां ने बताया कि बाहर से आए जायरीन के लिए लंगर का इंतजाम किया गया है। देश-विदेश के अकीदतमंद ऑनलाइन भी उर्स की रस्म में शामिल होंगे।

जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान (फरमान मियां) ने प्रशासन और नगर निगम से मांग की कि उर्स के मौके पर दरगाह आला हजरत वाली गली में साफ सफाई के अलावा देर रात तक पानी और बिजली सप्लाई सुचारू रूप से जारी रखी जाए। गुरुवार को उर्स को लेकर हुई बैठक में हाफिज इकराम, मौलाना शम्स, आबिद नूरी, मौलाना निजामुद्दीन, मोईन खान, शमीम अहमद, समरान खान, शाबुद्दीन आदि लोग मौजूद रहे।

## घर-घर जाकर किया स्कूल आने को प्रेरित



गांव में जाकर बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित करते शिक्षक। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूल चलो अभियान के तहत शिक्षक और छात्र रैली निकालकर घर-घर जाकर बच्चों के अभिभावकों को स्कूल में प्रवेश लेने और नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। बिथरी ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश गंगवार ने स्कूल के अन्य शिक्षकों के साथ जाकर घर-घर बच्चों के अभिभावकों से उन्हें स्कूल भेजने की अपील की। गुरुवार को क्यारा ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कांधरपुर में स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई। रैली को प्रधानाध्यापिका शबीना परवीन और एसआरजी लक्ष्मी शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का संचालन व्यायाम शिक्षक धर्म अवतार केशव ने किया। इस अवसर पर रेखा रानी, अंजू जोहरी, रश्मि राठौर, महेश, नाजिम मलिक आदि उपस्थित रहे।



कांधरपुर में स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखातीं प्रधानाध्यापिका।

## अभी एक, बाद में हर विधानसभा में बनेगा पंचायत उत्सव भवन

- 1.41 करोड़ की लागत से होगा निर्माण, उपलब्ध कराना होगा भूमि प्रस्ताव

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में गांवों की पंचायतों को सशक्त मंच देने और विकास कार्यों की निगरानी बेहतर बनाने को जिले में एक पंचायत उत्सव भवन का निर्माण होगा। बाद में यह पंचायत उत्सव भवन विधानसभा स्तर पर बनाए जाएंगे। अधिकारियों का कहना है कि यह पंचायत उत्सव भवन ग्रामीण लोकतंत्र और सामुदायिक भागीदारी का प्रतीक बनेगा। इसका उपयोग गांव में विवाह आदि समारोह के लिए होगा। जिला पंचायत इसका संचालन करेगी।

डीपीआरओ कमल किशोर ने बताया कि पंचायत उत्सव भवन के निर्माण पर करीब 1.41 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह भवन 3000 वर्गमीटर भूमि पर बनेगा। इसमें 100 व्यक्तियों की क्षमता वाला एक हॉल, मंच, तीन बैठक कक्ष, महिला-पुरुष-दिव्यांग शौचालय, रैंप और अन्य जरूरी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। भवन का उपयोग पंचायत बैठक, सामाजिक आयोजनों और प्रशिक्षण आदि के लिए बहुउद्देशीय केंद्र के रूप में किया जाएगा। विधानसभा स्तर पर भूमि चयन के लिए डीएम की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है। इसमें सीडीओ, एडीएम, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, विद्युत विभाग के एक्सईएन और डीपीआरओ को सदस्य बनाया गया है। समिति की संस्तुति के आधार पर ही भूमि स्थल का चयन किया जाएगा।

## डॉक्टर अभिभावकों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता



जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टर अभिभावक बच्चों के साथ।

- जीडी गोयनका स्कूल में डॉक्टर्स डे पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बरेली, अमृत विचारः** जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में डॉक्टर्स डे के अवसर पर उन अभिभावकों को सम्मानित किया गया जो चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े हैं। विद्यालय परिवार ने इन चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके निःस्वार्थ सेवा, समर्पण और मानवीय संवेदनाओं के प्रति उनके योगदान को नमन किया। विद्यार्थियों ने कार्ड, कविताएं और प्रेरणादायक भाषणों के माध्यम से डॉक्टरों के प्रति अपनी भावनाएं प्रकट कीं। डॉक्टर अभिभावकों का स्वागत पुष्पगुच्छ, शॉल एवं सम्मान पत्र भेंट कर किया गया।

विद्यालय प्रबंधन की पहल समाज में सकारात्मक सोच और सेवा भावना का संदेश देती है। यह पहल यह भी दर्शाती है कि जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता में अग्रणी है, बल्कि सामाजिक मूल्यों एवं मानवीय संवेदनाओं के पोषण में भी अग्रसर है।

प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने कहा कि डॉक्टर्स डे उन सभी नायकों को समर्पित दिन है, जो अपने जीवन को मानवता की सेवा में अर्पित करते हैं। विद्यालय के डॉक्टर अभिभावक समाज की रीढ़ हैं और उनका सम्मान करना हमारे लिए गर्व की बात है। विद्यालय के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर डॉ. जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने भी डॉक्टरों के समाज में योगदान की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

# परसाखेड़ा विद्युत सब स्टेशन पर तैनात रहेगा जेई

## उद्यमियों की समस्याएं दूर करने को आईआईए पदाधिकारियों की बिजली अधिकारियों के साथ हुई बैठक

कार्यालय संवाददाता, बरेली



परसाखेड़ा में बैठक में शामिल बिजली अधिकारी।



बैठक में शामिल आईआईआई के पदाधिकारी और उद्यमी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला उद्योग बंधु की बैठक में परसाखेड़ा औद्योगिक आस्थान की बिजली की समस्याएं दूर करने के जिलाधिकारी के निर्देश के बाद बृहस्पतिवार को आईआईए और बिजली अधिकारियों की बैठक हई। बिजली अधिकारियों ने परसाखेड़ा विद्युत उपकेंद्र पर जेई तैनात करने और बिजली आपूर्ति सुधारने का आश्वासन दिया।

परसाखेड़ा स्थित एक फैक्ट्री के सभागार में हुई बैठक में उद्यमियों ने बताया कि सबसे बड़ी दिक्कत यही है कि परसाखेड़ा के सब स्टेशन पर पहले जहां एसडीओ व जेई तैनात रहते थे, बिजली लाइन या ट्रांसफार्मर में दिक्कत होने पर उसे सही कराते थे, लेकिन अब यहां न तो जेई है और न एसडीओ। इससे समस्याओं को सुनने वाला ही कोई नहीं है। औद्योगिक आस्थान की कई गलियों में लंबे समय से ट्रांसफार्मर फुंके हुए हैं, उन्हें सही कराने की जगह ट्राली ट्रांसफार्मर लगाकर व्यवस्था चलाई जा रही है। खंभों पर फाल्ट ठीक करने के लिए सब स्टेशन में सीढ़ी तक नहीं है। कई उद्यमियों ने कहा कि ब्रेड, पेय पदार्थ सहित कई खान-पान की चीजों की इकाइयां भी हैं। 10 से 12 घंटे बिजली कटौती होने से इकाइयों का उत्पादन प्रभावित हो रहा है।

आईआईए के बरेली चैप्टर चेयरमैन मयूर धीरवानी ने बताया कि परसाखेड़ा औद्योगिक आस्थान को चार फीडरों से बिजली सप्लाई होती है। दो सौ इकाइयां हैं। आंधी-पानी आने से सभी ब्रेकडाउन में चले जाते हैं, जबकि परसाखेड़ा के सब स्टेशन पर महीनों से जेई और एसडीओ की तैनाती नहीं है। किला सब स्टेशन से अधिकारियों के आने पर ज्यादा समय लगता है। इससे अनावश्यक रूप से बिजली गुल रहती है। जंफर, सीढ़ी जैसे संसाधन तक नहीं हैं। बैठक में कई समस्याएं उठने के बाद अधीक्षण अभियंता ब्रह्म पाल, अधिशासी अभियंता सुरेंद्र गौतम ने परसाखेड़ा सब स्टेशन पर जेई की स्थायी तैनाती करने का आश्वासन दिया है। उन्हें बिजली निर्बाध देने की बात कही है। बैठक में एसके गुप्ता, विमल रेवाड़ी, विशाल अरोड़ा आदि उद्यमियों ने बिजली समस्या पर बात रखी।

## सार-संक्षेप

### बेकरी उत्पादों का कुलपति ने किया अवलोकन



**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के होटल मैनेजमेंट विभाग में गुरुवार को पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने परिसर में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उनके साथ कुलसचिव संजीव कुमार, सुनीता यादव, ममता सिंह, प्रो. संजय मिश्रा, प्रो. एके सरकार, प्रो. मौर्य जी, प्रो. भोला खान सहित अन्य शामिल रहे। इसके बाद कुलपतिने होटल मैनेजमेंट विभाग के छात्र-छात्राओं की ओर से तैयार किए गए विभिन्न बेकरी उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने छात्रों के हुनर की प्रशंसा की। विभागाध्यक्ष प्रो.तूलिका सक्सेना ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें तुलसी का पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस अवसर पर डॉ. हेमा वर्मा, विजय कुमार अग्रवाल, आजाद हुसैन, मुकेश कुमार, पारस संतोषी, सचिन वर्मा, विशाल गौतम, तपन वर्मा आदि मौजूद रहे।

### चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार दिए



**बरेली, अमृत विचार :** वन महोत्सव सप्ताह के तहत वन विभाग ने गुरुवार को रामपुर गार्डन स्थित शांति अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर में ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें क्षेत्रीय वनाधिकारी वैभव चौधरी, क्षेत्रीय उप वनाधिकारी हरेंद्र गंगवार ने कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रतियोगिता के बाद विजेता छात्र- छात्राओं को पुरस्कार दिए गए। उसके बाद पौधरोपण किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. धीरेंद्र शर्मा ने लोगों को स्वागत किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में पहले स्थान पर प्राची सिंह, दूसरे पर ऋषभ यादव, तीसरे पर हार्दिक शर्मा रहे। इसके अलावा पेंटिंग प्रतियोगिता में पहले स्थान पर हिमांशु रहे।

### ग्राहक सेवा में भाषा की भूमिका अहम



बरेली, अमृत विचार : बैंक ऑफ बड़ौदा बरेली अंचल की ओर से गुरुवार को बैंक सभागार में बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यों के लिए गुरुवार को तकनीकी हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। उप महाप्रबंधक और समिति के उपाध्यक्ष श्रीपाल सिंह तोमर ने कहा कि यूपी जैसे हिंदी भाषी राज्य में ग्राहकों को बैंकिंग और बीमा संबंधी सेवाएं उनकी भाषा में प्रदान करना वास्तव में लोगों की अपेक्षाओं के साथ न्याय करने जैसा है। उन्होंने कहा कि भाषा और ग्राहक सेवा का अटूट संबंध है। हिंदी के विकास के लिए यह बहुत सही समय है। सरकार की ओर से हिंदी और सभी भारतीय भाषाओं के प्रयोग को बढ़ाने के लिए पूरा समर्थन प्रदान किया जा रहा है। मुख्य प्रबंधक एवं समिति सचिव महिपाल चौहान ने सभी लोगों को हिंदी में कामकाज के लिए उपलब्ध तकनीकी टूल्स की जानकारी दी। एसबीआई के मुख्य प्रबंधक दिनेश कुमार यादव, पंजाब एंड सिंध बैंक से सुमन कुमार, यूनियन बैंक से राधा रमन शर्मा समेत विभिन्न बैंकों और बीमा कंपनियों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्कूल में छात्रों को बैग वितरित किए



**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली सेंट्रल की ओर से आलमगीरीगंज स्थित पंडित श्यामा चरण सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर और सेवा भारती की ओर से संचालित संस्कार केंद्र में छात्रों को बैग वितरित किए। रोटरी क्लब बरेली सेंट्रल के अध्यक्ष विकास गुप्ता ने बताया कि मंडल 3110 के रोटेरियन ने 25 हजार बैग बच्चों को उपहार स्वरूप देने का संकल्प लिया है। उसी के तत्वाधान में बैग वितरित किए जा रहे हैं। बैग वितरण के बाद बच्चों ने सरस्वती वंदना और वंदे मातरम् गाकर अतिथियों को तिलक लगाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अरविंद सक्सेना, क्लब के सचिव मनमीत सिंह कपूर, असिस्टेंट गवर्नर प्रधीर गुप्ता, अनूप अग्रवाल, रजनीश अग्रवाल, संजय त्रिक्खा, तरुण वैश्य, राजेश अग्रवाल, गट्टुमल आलोक प्रकाश, रोचिष अग्रवाल, अतुल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### रोटरी के नववर्ष पर किया पौधरोपण



**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब बरेली मेट्रो के तत्वावधान में स्पोर्ट्स स्टेडियम में रोटरी अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के अवसर पर पौधरोपण किया गया। इस दौरान नीम, अशोक सहित 11 फलदार पौधे रोपित किए। सचिव डीएल खट्टर ने बताया कि इसी माह में 10 पौधे और लगाए जाएंगे। साथ ही 17 जुलाई को रोटरी भवन में स्थापना दिवस कार्यक्रम और 24 जुलाई को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। असिस्टेंट गवर्नर आलोक प्रकाश, अध्यक्ष अनिल महेरोत्रा, प्रदीप शर्मा, अनिल कुमार अन्नी, राजेश गुप्ता, राकेश टन्डन, राकेश गुप्ता, सुनित मूना आदि उपस्थित रहे।

# बरेली कॉलेज: स्नातक की आज जारी होगी मेरिट, रहेगी हाई

## निर्धारित सीटों के सापेक्ष कई पाठ्यक्रमों में आए दोगुने आवेदन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बरेली कॉलेज के सेमिनार हाल में प्रवेश संबंधी जानकारी लेते विद्यार्थी।

**अमृत विचारः** बरेली कॉलेज स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए शुक्रवार को पहली मेरिट जारी करेगा। इस बार सीटों के सापेक्ष दोगुने आवेदन आए हैं, जो पिछले साल से भी अधिक हैं। इससे साफ है कि बीएससी जीव विज्ञान, बीए, बीबीए और बीसीए की मेरिट भी काफी हाई जाएगी। पहली मेरिट के प्रवेश पूरे होने के बाद दूसरी मेरिट जारी की जाएगी।

मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को स्नातक पाठ्यक्रमों बीए, बीएससी जीव विज्ञान, बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स, बीबीए और बीसीए की पहली मेरिट जारी की जाएगी। इन पाठ्यक्रमों में 5368 सीटों पर प्रवेश के लिए 10769 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है, जबकि पिछले साल करीब नौ हजार आवेदन आए थे। इस बार आवेदनों की संख्या अधिक होने की वजह से मेरिट हाई रहेगी। वहीं बीएससी गणित में सीटों के सापेक्ष कम आवेदन आए हैं। इसकी वजह से 20 जून से प्रवेश शुरू कर दिए गए। आवेदन

- **पहली मेरिट के प्रवेश पूरे होते ही दूसरी मेरिट लिस्ट होगी जारी**

करने वाले विद्यार्थियों को 5 जुलाई तक प्रवेश सुनिश्चित करने होंगे। अब तक 189 प्रवेश हो चुके हैं। वहीं परास्नातक में अब तक 738 आवेदन आ गए हैं। इसमें सबसे अधिक आवेदन एमए इतिहास में 92 आए हैं। परास्नातक में आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई है।

**एक-एक सीट पर कहीं तीन तो कहीं पांच तक दावेदार :** अब तक बीएससी गणित में 880 सीटों के सापेक्ष 689, बीएससी जीव विज्ञान में 720 के सापेक्ष 2024, बीकॉम में 1040 के सापेक्ष 1396, बीए में 1840 के सापेक्ष 4931, बीबीए में 120 के सापेक्ष 603, बीसीए में 160 के सापेक्ष 743 और बीकॉम ऑनर्स में 120 सीटों के सापेक्ष 383 आवेदन आए हैं। ऐसे में कहीं एक सीट पर तीन तो कहीं पांच तक दावेदार हैं।

### साहू राम स्वरूप महाविद्यालय में भी प्रवेश शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय में भी स्नातक और परास्नातक में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। स्नातक पाठ्यक्रमों में बीए, बीएससी गृह विज्ञान, बीकॉम ऑनर्स व अन्य की 460 सीटें हैं, जिसमें अब तक 226 प्रवेश हो गए हैं। प्राचार्या प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रवेश लेने वाली छात्राओं की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

### परीक्षाएं खत्म, मूल्यांकन शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर और संबद्ध विद्यालय में नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक और परास्नातक की परीक्षाएं गुरुवार को लगभग खत्म हो गईं। एक-दो प्रश्नपत्रों की परीक्षा 5 और 7 जुलाई को शेष है। इसके अलावा नर्सिंग और मेडिकल की ही परीक्षाएं शेष रह जाएंगी। अब ग्रीष्मकालीन अवकाश भी समाप्त हो जाएगा। इसके बाद परिसर और महाविद्यालयों में प्रथम वर्ष में प्रवेश की प्रक्रिया तेज हो जाएगी। वहीं परीक्षाओं का मूल्यांकन भी शुरू हो गया है, ताकि समय पर परिणाम जारी कर दूसरे और तीसरे वर्ष की कक्षाएं शुरू की जा सकें।।

### अवंतीबाई महाविद्यालय में भी बीएससी जीव विज्ञान की मेरिट रहेगी हाई

**बरेली, अमृत विचार :** रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय में बीए, बीएससी और बीकॉम में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई। विश्वविद्यालय, समर्थ पोर्टल और महाविद्यालय की वेबसाइट पर पंजीकरण करने वाली छात्राओं के आवेदन पत्र दस्तावेज के साथ गुरुवार को महाविद्यालय में जमा हुए। इन आवेदनों की जांच के बाद 5 जुलाई को मेरिट जारी की जाएगी। प्रवेश प्रभारी प्रो. संध्या सक्सेना ने बताया कि बीए में 720 सीटों के सापेक्ष 495, बीएससी बॉयो में 80 सीटों के सापेक्ष 148, बीएससी गणित में 80 सीटों के सापेक्ष 18 और बीकॉम में 160 सीटों के सापेक्ष 41 आवेदन आए हैं।

## माध्यमिक विद्यालयों में लगेंगी लर्निंग आउटकम की कक्षाएं

**बरेली, अमृत विचारः** जिले के सभी माध्यमिक विद्यालयों में लर्निंग आउटकम कक्षाएं चलेंगी। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद लखनऊ से आई लर्निंग आउटकम पाठ्य सामग्री को शिक्षक कक्षा नौ और 10 के छात्र-छात्राओं को पढ़ाएंगे। इसके लिए विभाग और माध्यमिक विद्यालयों ने तैयारी शुरू कर दी है।

जिले में 67 राजकीय, 78 सहायता प्राप्त और 305 मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय हैं। डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार ने

- **डीआईओएस ने प्रधानाचार्यों को जारी किया पत्र**

बताया कि लर्निंग आउटकम का मतलब है कि बच्चों ने किसी विषय में कितना ज्ञान अर्जित किया है, उसका समय-समय पर मूल्यांकन करना है। इस तरह सीखने में उनके व्यवहार में परिवर्तन आता है। जिले में लर्निंग आउटकम की पुस्तकें वितरित की जाएंगी। इन पुस्तकों से कक्षा नौ और 10 के विद्यार्थियों को अंग्रेजी, गणित, विज्ञान विषय आसानी से पढ़ाया जा सकेगा।

## छात्रवृत्ति के लिए सात जुलाई से होंगे आवेदन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में उप्र के मूल निवासी सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र- छात्राओं को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने के लिए शासनादेश जारी कर दिया गया है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अंजना सिरोही ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत समय सारिणी के अनुसार सभी चरणों में डिजिटल सत्यापन, आवेदन और डाटा लॉकिंग की प्रक्रिया की जाएगी। 7 जुलाई से 25 नवंबर

- **उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत छात्रों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने को शासनादेश जारी**
- **प्रथम चरण 10 दिसंबर तक और द्वितीय चरण 11 दिसंबर से 10 जनवरी 2026 तक चलेगा**

तक नवीन शिक्षण संस्थाओं की ओर से विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी के माध्यम से मास्टर डाटा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन किया जाएगा। 8 जुलाई से 5 दिसंबर तक विश्वविद्यालय व एफिलियेटिंग एजेंसी की ओर से संस्थान, पाठ्यक्रम, सीटें व शुल्क आदि की ऑनलाइन सत्यापन प्रक्रिया की जाएगी। 9 जुलाई से 12 दिसंबर तक जिला समाज कल्याण अधिकारी की ओर से पाठ्यक्रम, सीटें व शुल्क की प्रमाणिकता डिजिटल हस्ताक्षर से सत्यापित कर लॉक किया जाएगा। 10 जुलाई से 22 फरवरी 2026 तक एनएसपी पोर्टल पर पंजीकृत निजी संस्थानों की मार्किंग जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की ओर से की जाएगी। 10 जुलाई से 20 दिसंबर तक ऑनलाइन पंजीकरण व आवेदन की अंतिम तिथि है। वहीं, 12 जुलाई से 13 दिसंबर तक छात्रों के आवेदन का अंतिम सबमिशन किया जाएगा। 24 दिसंबर तक हार्डकॉपी संलग्नक संस्थान में जमा करने की अंतिम तिथि है। प्रथम चरण 10 दिसंबर तक चलेगा। इसमें संस्थानों की ओर से आवेदनों का ऑनलाइन सत्यापन और अग्रसारण किया जाएगा। वहीं द्वितीय चरण 11 दिसंबर से 10 जनवरी 2026 तक चलेगा। इसमें संस्थानों की ओर से ऑनलाइन आवेदन सत्यापन एवं अग्रसारण किया जाएगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने सभी शिक्षण संस्थानों और छात्र-छात्राओं से अनुरोध किया है कि वह शासन से निर्धारित समय सारिणी का कड़ाई से पालन करते हुए छात्रवृत्ति प्रक्रिया को समयबद्ध और पारदर्शी बनाएं। देरी या त्रुटि से छात्रवृत्ति में बाधा आ सकती है।

## बीटेक के 20 विद्यार्थियों का चयन

**बरेली, अमृत विचारः** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के बीटेक सत्र 2024-25 के सप्तम सेमेस्टर के 20 विद्यार्थियों का चयन बड़ी कंपनियों में हुआ है। जिन विद्यार्थियों का चयन हुआ है उनमें वत्सल वैश्य, नीतीश कुमार, सुमित सिंह, सिद्धार्थ पाठक, अमन कुमार, मुनीब कादिर, प्रवीण पटेल, संगम राज, सुमित सागर, अभय नारायण गौड़, प्रशांत अग्रवाल, रामबृज प्रजापति, प्रभात, प्राची रानी गौतम, विकास सागर हैं। विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग के लिए विभाग एसो. प्रो. देश दीपक शर्मा और प्लेसमेंट सेल अधिकारी डॉ. मनोज कुमार सिंह का धन्यवाद किया। चयनित छात्रों ने कुलपति प्रो. केपी सिंह, कुलसचिव संजीव कुमार सहित अन्य का आभार व्यक्त किया।

## कृष्ण जन्म की लीलाओं का वर्णन

**बरेली, अमृत विचार :** बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में चल रही संगीतमयी श्रीमद्भागवत के पांचवें दिन गुरुवार को वृंदावन के कथा व्यास पं. सुरेश शास्त्री ने कृष्ण जन्म के समय की लीलाओं का वर्णन किया।

भगवान कृष्ण का जन्म मथुरा में राजा कंस के कारागार में माता देवकी की कोख से हुआ, जबकि उनका लालन-पालन माता यशोदा और नंद बाबा ने किया। उन्होंने कहा कि भगवान की होने वाली कृपा को कोई नहीं रोक सकता। विधाता ने नंद बाबा को 85 वर्ष की अवस्था में संतान का सुख दिया। जब कृष्ण शिशु अवस्था से बाल्यावस्था में पहुंचे तो उन्हें मारने के लिए कंस ने पूतना नामक राक्षसी को भेजा, लेकिन कृष्ण ने उसका वध कर उसका



कथा सुनाते पं. सुरेश शास्त्री।

उद्धार किया। इसके बाद कृष्ण की माखन चोरी लीलाओं का सुंदर वर्णन हुआ।

अंत में यमुना में कालिया नाग के वध की कथा सुनाई। कथा सुनने के लिए भक्तों की भीड़ रही। कार्यक्रम में मंदिर सेवा समिति के प्रताप चंद्र सेठ, मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल, सुभाष मेहरा, हरिओम अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## कैंटीन में एमबीए के छात्रों में कहासुनी

**बरेली, अमृत विचारः** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में कैंटीन के पास गुरुवार को एमबीए के विद्यार्थियों में कहासुनी हो गई। सूचना पर प्रॉक्टोरियल बोर्ड और सुरक्षा प्रभारी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान कुछ विद्यार्थी मौके से भाग गए। बताया जा रहा है कि किसी लड़की की वजह से विद्यार्थियों में कहासुनी हुई थी। विवाद बढ़ने से पहले ही शिक्षक और सुरक्षा प्रभारी पहुंच गए।

चीफ प्रॉक्टर प्रो. रविंद्र सिंह ने बताया कि कैंटीन के पास विद्यार्थी इकट्ठे हो गए। मामूली कहासुनी हुई थी। प्रॉक्टोरियल बोर्ड के पहुंचने से पहले ही सब वहां से चले गए।

## सीएमओ कार्यालय जिला अस्पताल से तीन सौ बेड अस्पताल में होगा शिफ्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल परिसर से सीएमओ कार्यालय 300 बेड अस्पताल में शिफ्ट होगा। शासन ने करीब 8 माह पहले भेजे गए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सीएमओ कार्यालय जल्द यहां से शिफ्ट किया जा सके, इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गईं हैं।

सीएमओ कार्यालय के लिए 300 बेड अस्पताल में शिफ्ट करने के लिए नवीन कार्यालय का निर्माण होगा, इसके लिए टेंडर प्रक्रिया भी पूर्ण कर कार्यदायी संस्था भी नामित कर दी गई है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार सीएमओ कार्यालय के लिए तीन मंजिला इमारत बनाई जाएगी। इसमें प्रशासनिक, लिपिक, वाहन चालक कार्यालय, आईडीएसपी समेत अन्य विभाग शामिल होंगे। इसके साथ ही भू-तल पर दिव्यांग जन कार्यालय भी स्थापित कराया जाएगा।





- **लंबे समय से अटके प्रस्ताव को शासन ने दी अनुमति, टेंडर प्रक्रिया भी पूर्ण, कार्यदायी संस्था नामित**
- **300 बेड अस्पताल में होगा बहुमंजिला इमारत का निर्माण एक साल में होगा कार्यालय का नया पता**

### 80 साल पुराने भवन में टपकता है पानी

वर्तमान में जिस भवन में सीएमओ कार्यालय संचालित हो रहा है, वह 80 साल से भी अधिक पुराना है। वर्ष 1973 में पहली बार सीएमओ की तैनाती होने पर कार्यालय बनाया गया था। इससे पूर्व यह भवन जिला अस्पताल के अधीन था। यहां सिविल सर्जन मरीजों का इलाज करते थे। लगातार बारिश होने पर कई बार सीएमओ कार्यालय की छत से पानी टपकने लगता था। कई बार छत का प्लास्टर भी गिर चुका है।

> कार्यालय 300 बेड अस्पताल परिसर में शिफ्ट करने की मंजूरी शासन ने दे दी है। वहीं निर्माण एजेंसी को भी नामित कर दिया गया है। करीब एक साल का समय कार्यालय निर्माण होने में लग सकता है। - डॉ. विश्राम सिंह, सीएमओ।





मनोज पंजाबी को मनोनयन पत्र देते वन मंत्री डॉ. अरूण कुमार

## मनोज पंजाबी बने आईआईए के डिविजनल सेक्रेटरी

**बरेली, अमृत विचारः** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने गुरुवार को बरेली मंडल के डिविजनल सेक्रेटरी पद के लिए वर्ष 2025-26 के लिए मनोज पंजाबी को मनोनीत किया है।

मनोज पंजाबी को मनोनयन पत्र वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने दिया। इस दौरान मनोज पंजाबी को चैप्टर चेयरमैन मयूर धीरवानी, सचिव रजत मेहरोत्रा, सुरेश सुंदरानी, मनोहर लाल धीरवानी, एसके सिंह, सतीश अग्रवाल, नीरज गोयल, पीयूष कुमार अग्रवाल, विमल रिवाड़ी, सुनीत मूना, सलिल बंसल, धनंजय विक्रम सिंह व आशीष गुप्ता ने बधाई दी।

## मुश्किल : लगातार बढ़ रहे मानसिक रोगी, साइकोलॉजिस्ट का पता नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में साल दर साल मानसिक रोगियों की संख्या बढ़ रही है, सर्वाधिक मरीज मानसिक चिकित्सालय और जिला अस्पताल स्थित मन कक्ष में इलाज के लिए पहुंचते हैं, लेकिन बीते 7 माह से मन कक्ष मानव संसाधन की कमी से जूझ रहा है। दरअसल, यहां सिर्फ एक ही मनोरोग विशेषज्ञ के हवाले सैकड़ों मरीजों का इलाज है। यहां 7 माह पहले तक तैनात क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट के त्यागपत्र देने के साथ ही व्यवस्था चरमरा गई है।

**तीन दिन भटकते हैं मरीज**

मन कक्ष में तैनात वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष के अनुसार रोजाना ओपीडी में 60 से 70 मरीज आते हैं। इनमें 80 फीसदी मरीज मनोरोग से ग्रसित मिलते हैं। इन मरीजों को दवाओं के साथ ही काउंसिलिंग की आवश्यकता होती है, लेकिन क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट न होने से मरीजों की समय पर काउंसिलिंग नहीं हो पा रही है। शासन के आदेश पर डॉ. आशीष को सप्ताह में तीन दिन देहात समेत अन्य इलाकों में शिविर आयोजित कर मनोरोगियों को परामर्श देना होता है। इन दिवसों में मन कक्ष में आने वाले मरीजों का इलाज प्रभावित होता है। बताया कि क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट की तैनाती को लेकर कई बार उच्चाधिकारियों और शासन को पत्र भी भेजा गया है, लेकिन लंबे समय से समस्या जस की तस बनी हुई है।

- **जिला अस्पताल के मन कक्ष की व्यवस्था करीब 7 माह से वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ के हवाले**
- **रोजाना 60 से 80 मरीजों की होती है ओपीडी, तीन दिन बिना विशेषज्ञ भटकते हैं मरीज**





जिला अस्पताल स्थित मन कक्ष ।















खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरूष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक



डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)



डॉ. संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAP)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरूषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरूषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृतिम गर्भाधान की सुविधा
सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कॉलोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली
मो. 9927788842
0581-2510177

# खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए चार सचल दल गठित

## डीएम ने एक-एक दल में एसडीएम, सीओ सहित तीन-तीन अधिकारियों को किया शामिल, सख्ती बरतने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** डीएम अविनाश सिंह ने जिले में खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए एसडीएम-सीओ सहित तीन अधिकारियों को शामिल कर सचल दल गठित किए हैं। बहेड़ी-मीरगंज, सदर-फरीदपुर, बरेली-आंवला और नवाबगंज में एक-एक सचल गठित कर इन्हें प्रत्येक माह यूरिया और डीएपी खाद के टॉप-20 खरीदारों की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए हैं। ये सचल दल किसानों को कृषि भूमि के आधार पर दी जा रही खाद की बिक्री वितरण के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग रोकने, ओवररेटिंग, कालाबाजारी और तस्करी की निगरानी भी करेंगे।

डीएम ने बहेड़ी एवं मीरगंज के लिए जिला कृषि अधिकारी, संबंधित एसडीएम और सीओ, सदर-फरीदपुर के लिए जिला कृषि रक्षा अधिकारी, संबंधित एसडीएम व सीओ, बरेली-आंवला के लिए भूमि संरक्षण अधिकारी, संबंधित एसडीएम व सीओ, नवाबगंज तहसील के लिए उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी के साथ एसडीएम व सीओ को सचल दल में शामिल किया है। डीएम ने सदल दल को निर्देश दिए हैं कि वर्तमान में खरीफ फसलों की बुआई एवं रोपाई की जा रही है। किसान खाद क्रय कर रहे हैं, इसलिए अंतर्राज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों से अन्य प्रदेश में उर्वरक भेजने के संबंध प्रभावी निगरानी के निर्देश दिए। खाद के अवैध यातायात में संलिप्त पाये जाने वाले लोगों के विरुद्ध अधिनियमों की धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई करें। अधिकारियों को खाद दुकानों का निरीक्षण करने और अवैध कार्य में लिप्त पाये गये व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए। खाद विक्रेता जिले के बाहर खाद विक्रय नहीं करेंगे। किसानों को उनकी जोत के आधार पर फसलवार संस्तुत मात्रा निर्धारित दर पर पीओएस मशीन के माध्यम से अनुदानित खाद बिक्री करने एवं अन्यथा की स्थिति में उल्लंघन पाने पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

- प्रत्येक माह यूरिया, डीएपी खाद के टॉप-20 खरीदारों की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए
- बहेड़ी-मीरगंज, सदर-फरीदपुर, बरेली-आंवला और नवाबगंज में सचल दल बनाए हैं

### बिना लाइसेंस उर्वरक बेचने वाले पर रिपोर्ट

**बरेली,अमृत विचार :** किसान की शिकायत पर शेरगढ़ के मानपुर में बिना लाइसेंस उर्वरक और बीज की बिक्री करने का मामला बुधवार को पकड़ा गया था। जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने छापेमारी के बाद डीएम अविनाश सिंह को विस्तृत रिपोर्ट भेजी। गुरुवार को डीएम के आदेश पर आरोपी विक्रेता वीरेंद्र कुमार के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश की अवहेलना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इ मानपुर में दुकानों पर छापेमारी से तीन दिन पहले एक किसान ने शिकायत की कि गांव का एक ही व्यक्ति बिना लाइसेंस के खाद-बीज की बिक्री कर रहा है। कृषि अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर दुकान की जांच की। आसपास के लोगों ने बताया कि दुकान वीरेंद्र चला रहा है और यहां बिना लाइसेंस के किसानों को खाद-बीज की बिक्री की जा रही है। संदेह के आधार पर दुकान को सील करने के साथ ही विक्रेता से जवाब मांगा। डीएम को भी किसान की शिकायत पर की गई छापेमारी की रिपोर्ट भेजी गई। गुरुवार को डीएम के निर्देश पर विक्रेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई।

### शिक्षा बचाओ मोर्चा कल निकालेगा विशाल बाइक रैली

**बरेली, अमृत विचार :** शिक्षा बचाओ मोर्चा की ओर से स्कूलों के विलय के विरोध में शुक्रवार दोपहर को विशाल बाइक रैली निकाली जाएगी। रैली गांधी उद्यान से शुरू होकर चौकी चौराहा, चौपुला, महादेव पुल, सिटी, किला पुल से होती हुई मिनी बाइपास से इज्जतनगर, आईवीआरआई, डेलापीर चौराहे, स्टेडियम होकर श्यामगंज होते हुए गांधी उद्यान पर समाप्त होगी।

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार ने बताया कि हाल ही में कई शिक्षकों को स्वैच्छिक ट्रांसफर और फिर कार्यमुक्ति नहीं मिलने जैसी समस्या भी झेलनी पड़ रही है। सभी समस्याओं को लेकर यह रैली निकाली जा रही है। इस रैली में 1000 से अधिक शिक्षक शिक्षिकाएं सम्मिलित रहेंगे। मांडलिक मंत्री केसी पटेल ने कहा कि यह आंदोलन नहीं रुकेगा, यदि सरकार न मानी तो और बड़ा प्रदर्शन होगा और लखनऊ तक किया जाएगा।

# स्कूलों के विलय के विरोध में कांग्रेसियों का प्रदर्शन

## सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में भाजपा सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** कांग्रेसियों ने गुरुवार को प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों के विलय के विरोध में सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद डीएम कार्यालय में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

जिला एवं महानगर कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस पदाधिकारी गुरुवार दोपहर को सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में इकट्ठा हुए। यहां प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे।

जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्राइमरी एवं जूनियर विद्यालयों को विलय करने का जो निर्णय लिया है, यह युवा, छात्र और बेरोजगार विरोधी निर्णय है। इसका व्यापक दुष्परिणाम दूर के गांवों के बच्चों पर पड़ेगा। जिनको दूसरे गांव में शिक्षा ग्रहण करने जाना पड़ेगा। महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा एडवोकेट ने कहा कि गरीब और मजदूर पेशा लोगों को अपने बच्चों को लेकर दूसरे गांवों में जाना पड़ेगा और फिर वापस छुट्टी के समय वहां से लाना पड़ेगा। जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ेगा। डॉ. केबी त्रिपाठी ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में विद्यालयों के बंद होने से जो लोग मिड डे मील के तहत स्कूलों में खाना बनाते थे, वह भी बेरोजगार हो जाएंगे। इस मौके पर कृष्णकांत शर्मा, राजन उपाध्याय, जिया उर रहमान, साहिब सिंह, मुजम्मिल रजा खान एडवोकेट, नजमी खान जोया, अंशिका रस्तोगी, डॉ. सरताज हुसैन नूरी, रमेश श्रीवास्तव, देवेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद रेहान बशीरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट गेट पर स्कूलों के विलय का विरोध करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

# विलय के बाद नगर क्षेत्र के पांच स्कूलों को मिले शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शून्य शिक्षकों वाले स्कूलों को मिला एक-एक शिक्षक, शुरू हुआ पठन-पाठन

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में 37 में से 25 विद्यालयों का विलय होने के बाद पांच स्कूलों को एक-एक शिक्षक मिले हैं। अब इन विद्यालयों में शिक्षक की गिनती शून्य से एक-एक हो जाएगी। प्राथमिक विद्यालय बिहारीपुर में प्राथमिक विद्यालय कन्हैया टोला, प्राथमिक विद्यालय कुंवरपुर, प्राथमिक विद्यालय गढ़िया का विलय हुआ है। वर्तमान में बिहारीपुर में शिक्षक शून्य हैं, लेकिन तीनों विद्यालयों के विलय के बाद स्कूल में दो शिक्षक मिल जाएंगे। इस स्कूल में अब 83 छात्र हो जाएंगे।

शून्य शिक्षक वाले प्राथमिक विद्यालय नेकपुर में प्राथमिक विद्यालय मढ़ीनाथ का विलय हुआ है, जिससे छात्रों की संख्या 63 हो जाएगी। वहीं शून्य शिक्षक वाले प्राथमिक विद्यालय चौधरी मोहल्ला में प्राथमिक विद्यालय अनाथालय का विलय होने पर विद्यालय को एक शिक्षक मिला है। प्राथमिक विद्यालय नई कोतवाली में प्राथमिक विद्यालय एनई रेलवे के विलय से विद्यालय में एक शिक्षक मिल गया है। वहीं प्राथमिक विद्यालय जसौली में बच्चों की संख्या 334 से बढ़कर 404 हो गई है। वहीं शिक्षक की संख्या बढ़कर नौ हो चुकी है। पूरे नगर क्षेत्र में इस स्कूल में सर्वाधिक छात्र हैं। छात्रों को बैठाने के लिए 12 कमरे भी हैं। नगर शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद्र जोशी ने बताया अब तक 37 में 25 विद्यालयों के विलय की संस्तुति मिल चुकी है। हालांकि इसमें से कई विद्यालय पहले से ही शिक्षकों की कमी के चलते जिला स्तर से ही विलय हो चुके थे। अब शासन स्तर भी इनका विलय करवा लिया गया है।

# अभियान में नौ स्कूली वाहन सीज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** परिवहन विभाग ने गुरुवार को चेकिंग अभियान के दौरान नियम विरुद्ध चल रहे स्कूली समेत 10 वाहनों को सीज किया और आठ के लिए चालान किए। सीज वाहन में दूसरे राज्य की एक टूरिस्ट बस भी है, जो बिना टैक्स भुगतान कर दौड़ रही थी।

आरटीओ प्रवर्तन प्रणब झा ने बताया कि परिवहन विभाग ने 15 जुलाई तक स्कूली बच्चों को अवैध तरीके से ढो रहे वाहनों के खिलाफ अभियान शुरू किया है। यात्रीकर अधिकारी रमेश चंद्र, अजीत प्रताप और विनय कुमार ने पीलीभीत और नैनीताल रोड पर नियम विरुद्ध तरीके से चल रहे 50 से अधिक वाहनों की जांच की। इस दौरान नैनीताल रोड पर बिना फिटनेस, परमिट और बीमा समाप्त एक स्कूल बस, एक टूरिस्ट बस और चार निजी स्कूल वैन को सीज किया, जबकि सात के चालान किए गए। यात्रीकर अधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने 18 वाहनों की जांच की, जिसमें दो का चालान, यात्री कर अधिकारी विनय मिश्रा ने 25 वाहनों की जांच की और दो वाहनों का चालान किया। वाहनों में क्षमता से ज्यादा बच्चे भरे थे। इसके अलावा बहेड़ी में प्रपत्रों में कमी पर छह वाहन सीज और मानक ठीक नहीं होने पर 15 वाहनों का चालान किया गया।



स्कूल वैन चेक करते पीटीओ।

- एक टूरिस्ट बस पर भी कार्रवाई, स्कूल वैन समेत 26 के चालान किए

### स्कूल वाहनों के लिए तय हैं ये मानक

स्कूल वाहन (बस या वैन) पीले रंग के होने चाहिए। वाहन पर स्कूल का नाम और आपातकालीन फोन नंबर लिखा होना चाहिए। प्रत्येक वाहन में कम से कम एक अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड किट जरूरी है। सीट बेल्ट (विशेषकर बसों में), गति सीमा यंत्र (स्पीड गवर्नर) लगा हो। वाहन में क्षमता से अधिक बच्चे नहीं होने चाहिए। ड्राइवर को कम से कम पांच साल का अनुभव। ड्राइवर को बच्चों की सूची रखनी चाहिए, जिसमें उनका नाम, कक्षा, पता, रक्त समूह और रुकने का स्थान हो। वाहन में सीसीटीवी कैमरे और जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगा हो। प्रत्येक वाहन में एक महिला अटेंडेंट या गार्ड हो। स्कूली बसों की गति सीमा 40 किलोमीटर प्रतिघंटे होनी चाहिए।

### सेक्स रैकेट संचालिका को जमानत नहीं

**विधि संवाददाता, बरेली:** सेक्स रैकेट की संचालिका मंजीत कौर की जमानत अर्जी जिला जज सुधीर कुमार ने खारिज कर दी। डीजीसी क्राइम रीतराम राजपूत ने बताया कि सीओ ने थाना प्रेमनगर में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया कि 6 जून को सूचना मिली कि राजेन्द्र नगर में मनजीत कौर, आशीर्वादम बेनेडिक्ट के मकान में स्वयं लड़कियों को देह व्यापार के लिए प्रेरित कर आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराकर लड़के और लड़कियों को बुलाकर अवैध अनैतिक कार्यों से कमाई करती है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर मनजीत कौर, आर्शीवादम बेनेडिक्ट, मोहम्मद सोहेल, सुमित सागर और नन्हीं को गिरफ्तार कर लिया। मकान के अंदर पुरुष और महिलाएं आपत्तिजनक स्थिति में मिले। पुलिस ने अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। बता दें कि मंजीत कौर पर पार्षद सतीश चंद्र मम्मा ने मकान कब्जा करने, 72 लाख रुपये रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है।

### उचित दरों पर गरीबों का स्तरीय इलाज जरूरी: डीएम



**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में मिनिमल इनवेसिव सर्जरी (दूरबीन विधि) कैंप का डीएम अविनाश सिंह ने गुरुवार को उद्घाटन किया। उन्होंने यहां उपलब्ध उपकरणों की जानकारी ली और मरीजों से बात कर आयुष्मान में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा। उन्होंने उचित दरों पर गरीबों के स्तरीय इलाज को जरूरी बताया और इसके लिए एसआरएमएस ट्रस्ट की सेवाओं की सराहना की। अपने स्थापना के 23 वर्ष पूरे करने के अवसर पर एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में दूरबीन विधि कैंप संचालित किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह, प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला, डिप्टी एमएस डॉ. सीएम चतुर्वेदी, डीन यूजी डॉ. बिंदु गर्ग के साथ उन्होंने आईसीयू, कैथ लैब, माड्युलर ओटी का निरीक्षण किया। डीएम ने रोबोटिक सर्जरी और कैंसर के उपचार के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने महंगे होते इलाज को उचित दरों पर आम लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्हें एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आम लोगों के इलाज लिए संचालित की योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर क्रिटिकल केयर इंचार्ज डॉ. ललित सिंह, रोबोटिक सर्जन डॉ. एसके सागर, हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ. अमरेश अग्रवाल, कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ. पीयूष कुमार, गायनी सर्जन डॉ. मनोज कुमार टांगड़ी मौजूद रहे।

### शिविर में 58 लोगों ने किया रक्तदान




**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन संस्था बरेली की ओर से गुरुवार को गंगाशील ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगाया गया, इसमें 58 यूनिट रक्तदान किया गया। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने शिविर की शुरुआत की। संजीव अग्रवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना सहित वैश्य समाज के सभी वर्गों के प्रतिनिधियों ने रक्तदान करने के महत्व पर प्रकाश डाला। रक्तदान करने वालों में मुख्य रूप से आईवीएफ के प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र रस्तोगी, संरक्षक एवं फ्यूचर कालेज के चेयरमैन मुकेश गुप्ता, मुक्ता अग्रवाल, कवि रोहित राकेश, सचिन गुप्ता, सुमित गुप्ता, समित अग्रवाल, अग्रिम गुप्ता, रमेश गुप्ता, मीरगंज के व्यापारी नेता राम नारायण गुप्ता, ईशू गुप्ता, नवाबगंज के प्रेम प्रकाश रस्तोगी और शुभम रस्तोगी ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों का अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। गंगाशील ब्लड बैंक की ओर से डॉ. प्रमेन्द्र माहेश्वरी ने सभी को सम्मानित कर उपहार दिए। प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र रस्तोगी, मंडल प्रभारी गोपेश अग्रवाल, अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, महामंत्री डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष दिलीप खंडेलवाल, संयोजक व सह संयोजक शिरीष गुप्ता, मयूरेश अग्रवाल, पंकज रोहतगी, डॉ. रविश अग्रवाल, हेमा अग्रवाल अध्यक्ष महिला इकाई, अंशु गुप्ता व अनिता खंडेलवाल, मीडिया प्रभारी पंकज रोहतगी आदि मौजूद रहे।

### पूर्व संगठन मंत्री अरविंद चौधरी को दी श्रद्धांजलि

**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बरेली और कोटद्वार में संगठन मंत्री रहे अरविंद चौधरी का बुधवार को गाजियाबाद में निधन हो गया। गुरुवार को शोक सभा में सभी वक्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश सह मंत्री वीरेंद्र कुमार अटल ने कहा कि अरविंद चौधरी ने आपातकाल में तानाशाही के खिलाफ और लोकतंत्र की बहाली के लिए भी संघर्ष किया था। वह लोकतंत्र रक्षक सेनानी भी थे। शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर पूर्व कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि देने वालों में हरि कृष्णा राठौर, सुरेंद्र अग्रवाल, सतीश शर्मा, दिनेश पंत, दिनेश मलिक, राजेंद्र सिंह गांधी, अनिल जायसवाल, अजय अग्रवाल आदि शामिल रहे।

### फास्ट फूड कार्नर के मालिक का सिर फोड़ा, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** नकटिया स्थित एक फास्ट फूड कार्नर के मालिक से रंगदारी मांगी गई और न देने पर सिर फोड़ दिया। थाना कैंट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

नकटिया निवासी सत्यम शर्मा ने बताया कि उनके भाई शिवम शर्मा घर के बाहर फास्ट फूड कार्नर लगाते हैं। 1 जुलाई को आकाश शर्मा आया और शराब पीने के लिए रंगदारी मांगने लगा। शिवम ने मना किया तो आकाश ने हमला कर सिर फोड़ दिया। सिर फोड़ने के बाद भी हमला करता रहा। विरोध पर पूरे परिवार की हत्या करने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। बताया जाता है कि आकाश आए दिन लोगों से झगड़ा करता रहता है।

# महानगर कांग्रेस कमेटी में डॉक्टर इंजीनियर सहित 48 लोग शामिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ओबीसी, एससी-एसटी और अल्पसंख्यक लोगों को कमेटी में दी गई जगह

**अमृत विचार:** जिले के बाद कांग्रेस ने अब महानगर कमेटी का भी गठन कर दिया है। गुरुवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने महानगर कांग्रेस कमेटी के 48 पदाधिकारियों का अनुमोदन कर सूची जारी की है, जिसमें महिला, ओबीसी, एससी एसटी और अल्पसंख्यक शामिल हैं।

महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने बताया महानगर कमेटी में कुछ नए चेहरों को स्थान दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस बार कमेटी में तीनों सभासदों को स्थान दिया गया है। आधा दर्जन से ज्यादा अधिवक्ताओं के साथ डॉक्टर, इंजीनियरों और प्राइवेट शिक्षकों को भी शामिल किया है। रमेश चंद्र श्रीवास्तव, प्रवीन कुमार मिश्रा, तबरेज खान, उल्फत सिंह कठेरिया, महेंद्र गंगवार, बीना जायसवाल, आशीष रुस्तम, नाजिया हुसैन को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा आरबी सिंह प्रजापति, विनोद कुमार, अकरम खान, फैजर नवाब, धीरज दीक्षित, सतीश चंद्र, देवेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, पूनम दीप सिंह एड., मोहम्मद रेहान बसीरी, प्रेम सिंह चौधरी एड., मोबिन कुरैशी, सादिक अंसारी पार्षद, जहीरूद्दीन मुन्ना पार्षद, महसर खान पार्षद और योगेश जौहरी को महासचिव बनाया गया है।

महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने बताया कि अगर जरूरत पड़ी तो टीम का और भी विस्तार किया जाएगा, जिससे कांग्रेस के संगठन का और बेहतर काम हो सके और लोगों की समस्याओं का समाधान भी हो सके।

### भाई और पिता की हत्या करने वाला पुलिस गिरफ्त से दूर

**बरेली, अमृत विचार :** फरीदपुर थाना क्षेत्र में पिता और सौतेले भाई की हत्या करने वाले आरोपी मकसूद खां की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने देर रात रामपुर, बदायूं, बिजनौर समेत एक दर्जन स्थानों पर दबिश दी लेकिन उसका सुराग नहीं लग पाया। पुलिस ने बुधवार को आरोपी की पत्नी नूरबानो को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

गांव अलगनी निवासी मकसूद ने पिता नन्हे खां और सौतेले भाई मिसरयार खां की कार से कुचलकर हत्या कर दी थी। बुधवार सुबह मिसरयार खां की पत्नी रुखसार ने मकसूद और उसकी पत्नी नूरबानो के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने नूरबानो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार कई जिलों में दबिश दी, मगर आरोपी पुलिस के हाथ नहीं आया। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## दुकान में दिनदहाड़े चोरी पुलिस से शिकायत

**आंवला, अमृत विचार** : दो युवकों ने दिनदहाड़े दुकान में घुसकर पांच हजार रुपये चुरा लिए। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दुकानदार ने पुलिस को तहरीर दी है। मोहल्ला भुर्जी टोला निवासी सुशील बाबू गुप्ता ने बताया कि वह मोहल्ले के चौराहे पर जनरल स्टोर एवं स्टेशनरी की दुकान चलाते हैं। गुरुवार दोपहर 3 :30 बजे वह लघुशंका करने के लिए गए। इसी बीच दो लड़के उनकी दुकान में घुस गए और गल्ले से करीब 5 हजार की नकदी और चार सिगरेट की डिब्बी चोरी कर ले गए। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## जालसाजी कर लोन निकालने का आरोप

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** : एक व्यक्ति ने गांव के युवक पर बैंक प्रबंधक से मिलकर उसके नाम से डेढ़ लाख रुपये का लोन निकालने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस को तहरीर दी है। गांव मनकरी निवासी अजय पाल ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले गांव का युवक उसे कस्बा स्थित एक बैंक में अन्य व्यक्ति के खाता खुलवाने में गवाह के तौर पर ले गया। आरोप है कि युवक ने बैंक प्रबंधक से मिलकर लोन की फाइल और धन निकासी वाउचर पर धोखे से हस्ताक्षर कराकर उसके नाम से डेढ़ लाख रुपये का लोन निकाल लिया। करीब एक साल बाद लोन जमा करने के लिए बैंक की ओर से नोटिस जारी किया गया। घर नोटिस पहुंचा तो उसे लोन निकाले जाने की जानकारी हुई। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

# पिकअप चालक ने छात्र को रौंदा, पांच घंटे हंगामा

## आढ़त के सामने पिकअप बैक करते समय हादसा, एसडीएम सदर और सीओ ने गुस्साए लोगों को समझाया

संवाददाता, रिठौरा

**अमृत विचार** : आढ़त के सामने पिकअप बैक करते समय चालक ने स्कूल से घर आ रहे साइकिल सवार दसवीं के छात्र को रौंद दिया। हादसे में छात्र की मौके पर मौत हो गई। गुस्साए परिजन और ग्रामीणों ने पिकअप में सरकारी राशन होने का आरोप लगाते हुए पांच घंटे तक हंगामा किया। चालक और गाड़ी मालिक को मौके पर बुलाने की मांग की। एसडीएम सदर, तहसीलदार और सीओ ने किसी तरह गुस्साई भीड़ को शांत कराया। आढ़त को सील कर दिया गया।


विमल का फाइल फोटो

कस्बा स्थित दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज में गांव म्यूड़ीरानी मेवा कुंवर निवासी विमल पटेल (15) दसवीं में पढ़ता था। गुरुवार को वह स्कूल की छुट्टी होने के बाद साइकिल से घर आ रहा था। भंडसर मार्ग पर कॉलेज से कुछ दूरी पर कमल गुप्ता की आढ़त के सामने चालक चावल से भरी पिकअप को बैक कर रहा था। उसने साइकिल से आ रहे छात्र को पिकअप से कुचल दिया। बताते हैं कि जब पिकअप की टक्कर से विमल साइकिल से गिर गया था तो वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाया मगर चालक ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। चालक ने गाड़ी से दोबारा छात्र को रौंद दिया। हादसे में छात्र की मौके पर ही सांसें थम गईं। दुर्घटना के बाद चालक गाड़ी आढ़त परिसर के अंदर खड़ी कर फरार हो गया।

- **आढ़त में गाड़ी खड़ी करके भागा आरोपी चालक**
- **वाहन में सरकारी राशन लदा होने का लगाया आरोप**

राहगीरों की सूचना पर रिठौरा चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। हादसे की सूचना मिलते ही छात्र के पिता दुर्गा प्रसाद, माता राजेश्वरी देवी, भाई कौशल पटेल, बहन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। वहां चालक व गाड़ी की तलाश में लोग आढ़त में घुस गए। थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह, सीओ नवाबगंज गौरव सिंह भी आ गए। लोग चालक और गाड़ी मालिक को मौके पर बुलाने की जिद पर अड़े रहे। परिजनों ने पिकअप में सरकारी राशन होने की बात कहते हुए आलाधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग करनी शुरू कर दी। एसडीएम सदर प्रमोद कुमार, नायब तहसीलदार विदित कुमार ने लोगों को शांत कराया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


सड़क हादसे में दसवीं के छात्र की मौत के बाद घटनास्थल पर जमा लोगों की भीड़। ● अमृत विचार


लोगों से वार्ता करते एसडीएम।

### आढ़त सील, पिकअप पुलिस के सुपुर्द

भीड़ ने आढ़त पर सरकारी राशन की कालाबाजारी करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पूर्ति निरीक्षक शिखा तिवारी, मंडी समिति सचिव संतोष कुमार, एआरओ विवेक श्रीवास्तव आदि मौके पर पहुंचे। आढ़त के गोदाम की जांच की गई। बताते हैं कि जहां चावल, बाजरा मिला। एक दुकान में कुछ कट्टों में सरकारी राशन मिलने की बात कही जा रही है। हालांकि, पूर्ति विभाग के अफसरों इसकी पुष्टि नहीं की है। एसडीएम सदर प्रमोद कुमार ने बताया कि आढ़त को सील किया गया है। चावल लदी पिकपअप थाना हाफिजगंज पुलिस को सौंप दी गई है।


गोदाम में खाद्यान्न की जांच करतीं पूर्ति निरीक्षक शिखा तिवारी। ● अमृत विचार

> गाड़ी में सरकारी राशन होने की सूचना मिली थी। मौके पर जांच की गई, लेकिन सरकारी बोरी नहीं मिली। संदेह के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। रिपोर्ट एसडीएम को दे दी गई है। – **शिखा तिवारी, पूर्ति निरीक्षक**

# महिला की मौत, ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप

- **मायके वालों के आने से पहले महिला के शव का कर दिया अंतिम संस्कार**
- **आठ माह पहले शोभा ने आकाश से किया था प्रेम विवाह, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

**भुता, अमृत विचार** : संदिग्ध हालात में महिला की मौत हो गई। पति और ससुरालियों ने मायके वालों के आने से पहले ही महिला के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मायके वालों ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

देहरादून के थाना राजपुर गांव जाखन निवासी राजकुमार की बहन शोभा ने आठ माह पहले ग्राम विलास नगर निवासी आकाश के साथ प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद आकाश पत्नी शोभा के साथ अपने गांव में आकर रहने लगा। आरोप है कि दहेज के लिए शोभा को पति व ससुराल पक्ष के लोग प्रताड़ित करने लगे। यह बात शोभा ने भाई और परिजनों को फोन पर बताई थी। आरोप है कि ससुराल वाले दहेज में दो लाख रुपये मांग रहे थे। आकाश ने दो जुलाई को साले राजकुमार को सूचना दी कि उसकी बहन शोभा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इसपर राजकुमार ने कहा कि उनके आने के बाद ही बहन का अंतिम संस्कार किया जाए। आरोप है कि पति आकाश व उसके परिजनों ने मायके वालों के आने से पहले ही शोभा का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस को भी सूचना नहीं दी। शोभा के भाई व परिजनों ने पति आकाश व उसके घरवालों के खिलाफ दहेज का हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।


शोभा का फाइल फोटो।

### ससुरालियों ने पीटकर घर से निकाला, रिपोर्ट

**मीरगंज, अमृत विचार** : ग्राम सिंधौली निवासी मीना ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह छत्रपाल निवासी ग्राम इनायतपुर थाना मिलक जिला रामपुर के साथ 5 वर्ष पहले हुआ था। ससुराल वाले कम दहेज देने का ताना देकर आए दिन उसे पीटते हैं। 22 मई को ससुरालियों ने उसे पीटकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने मामले में छत्रपाल, अमर सिंह, कैसरी लाल, दुजो आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सार-संक्षेप

### शिव मंदिर पहलऊ के महंत बने हठ योगी विजय देव नाथ



**बिशारतगंज, अमृत विचार** : गांव पहलऊ में स्थापित प्राचीन शिव मंदिर के महंत हठ योगी विजय देवनाथ महाराज बनाए गए हैं। दरअसल, पहलऊ शिव मंदिर के महंत रामपुरी उर्फ बाबू दास महाराज ने 18 जून को शरीर छोड़ दिया था। गुरुवार को उनकी सत्रहवीं के मौके पर पंचेश्वर नाथ शिव मंदिर पचौमी के महंत रामगिरी नाथ महाराज, संत समाज और ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से हठ योगी विजय देव नाथ को पहलऊ शिव मंदिर का महंत घोषित किया। बहगुलपुर मंदिर के महंत महाराज पारस पुरी, महंत घनश्याम दास त्यागी, नरही दास, प्रेमदास, मुरली दास आदि मौजूद रहे। महंत ने संत समाज का स्वागत किया। भंडारे का आयोजन हुआ। पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप, ओमेंद्र यादव, भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी के प्रदेश उपाध्यक्ष करन सिंह यादव, रामकुमार राठौर, अंकित यादव, रामबहादुर, राजवीर, देव, अंशुल शंखधार, सनी यादव, सुरजीत यादव, राजेंद्र मौर्य, ओमवीर गुर्जर आदि मौजूद रहे।

### उच्च प्राथमिक स्कूल में किया पौधरोपण



**देवरनियां, अमृत विचार** : बलवीर सिंह जिला मंत्री उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री बलवीर सिंह, एकेडमिक रिसोर्स पर्सन महेन्द्र पाल और हेमराज ने गुरुवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगदपुर में पौधरोपण किया। जिला मंत्री ने बच्चों को पौधे रोपण के लिए प्रेरित किया। जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार गंगवार, हरीश कुमार, योगेन्द्र कुमार, भुवनेश कुमार, योगेन्द्र कुमार सिंह आदि रहे।

### शिशुओं के परिजनों को पौधे भेंट किए



**बिशारतगंज, अमृत विचार** : वन महोत्सव के तहत सीएचसी मझगवां में 1 से 3 जुलाई तक जन्मे शिशुओं के परिजनों को पौधे वितरित किए गए। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सुशील कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे। वहीं, ब्लॉक प्रांगण में पौधे रोपे गए। आंवला की उपप्रभागीय वन अधिकारी अपूर्वा पांडे, क्षेत्रीय वन अधिकारी शीशपाल बिष्ट, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी अवनीश गंगवार, अमित राणा वीरेंद्र सागर, चेयरमैन मोहम्मद ताज उर्फ लाल मियां कुरैशी समेत कई सभासद मौजूद रहे।

### संचारी रोगों से बचाव के प्रति किया जागरूक



**कैंट, अमृत विचार** : ब्लॉक क्यारा सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को केंद्रों के लिए जिंक की गोलियां और ओआरएस के पैकिट वितरित किए गए। चिकित्साधिकारी डॉ. विजय सरन ने आंगनबाड़ियों को संचारी रोगों से बचाव की जानकारी दी, ताकि वे गांवों में जाकर लोगों को जागरूक कर सकें। बाल विकास परियोजना अधिकारी क्यारा राखी गुप्ता के निर्देशन में कार्यक्रम हुआ। आंगनबाड़ी कार्यकत्री, यूनिसेफ के ब्लॉक बीएमसी उस्मान अली, डब्ल्यूएचओ के ब्लॉक मॉनीटर अरमान अली, बीसी क्रान्ति गंगवार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मीरगंज-समसपुर मार्ग का होगा चौड़ीकरण

**मीरगंज, अमृत विचार** : मीरगंज समसपुर रोड का चौड़ीकरण होगा। लाइन और खंभों को शिफ्ट किया जाएगा। निर्माण पर करीब 18 .23 करोड़ रुपये खर्च का अनुमान आंका गया है। लोक निर्माण विभाग ने एस्टीमेट बनाकर प्रस्ताव शासन को भेजा है। अवर अभियंता अजीम शहनवाज व कुलदीप शाक्य ने बताया कि चौड़ीकरण का प्रस्ताव विभाग ने शासन को भेज दिया है।

# हजरत कासिम की शहादत को याद कर बहाए आंसू

संवाददाता, सेंथल

**अमृत विचार** : कस्बे में मोहर्रम पर अजादारी का सिलसिला लगातार सातवें दिन भी जारी रहा। गुरुवार को अकीदतमंदों ने हजरत इमाम हसन के बेटे हजरत कासिम की शहादत पर आंसू बहाए। जुलूस-ए-अलम उठे। मजलिसें आयोजित की गईं।

इमामबाड़ा दरे हुसैन में मजलिस को मौलाना नजीब अब्बास ने खिताब करते हुए हजरत कासिम की शहादत को बयान किया। मजलिस के बाद अंजुमन हैदरी ने जुलूस उठाया। इमामबाड़ा गुलशन अली से अलम व डोले का जुलूस उठा, जिसका जगह-जगह स्वागत किया गया, जो देर रात इमामबाड़ा गुलशन अली पर समाप्त हुआ। मेहंदियों का जुलूस मोहल्ला चौधरी के चौक से उठा, जो बस्ती का गश्त करते हुए देर रात इमामबाड़ा कला पर समाप्त हुआ। शुक्रवार सुबह साढ़े दस बजे इमामबाड़ा कला से ऐतिहासिक जुलूस-ए-अलम उठाया जाएगा।

**ताजिये का जुलूस निकला**


मजलिस को खिताब करते मौलाना नजीब अब्बास। ● अमृत विचार

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** : कस्बे के अंसारी मोहल्ले से मोहर्रम की पहली जुमेरात को ऐतिहासिक ताजिया उठाया गया। ताजिया का जुलूस इमामबाड़े से शुरू हुआ, जो कई मोहल्लों से होकर गुजरा। यह ताजिया शुक्रवार को इमामबाड़े में वापस पहुंचेगा। सदर इरशाद हुसैन, मोइनउददीन, सरदार अंसारी आदि मौजूद रहे। थाना प्रभारी सुरेंद्र पाल सिंह, एसएसआई विश्वदेव सिंह पुलिस के साथ मुस्तैद रहे।


फतेहगंज पश्चिमी में निकलता ताजिये का जुलूस। ● अमृत विचार

### कड़ी सुरक्षा के बीच निकला मेहंदी का जुलूस



**रिठौरा, अमृत विचार** : कड़ी सुरक्षा के बीच मोहर्रम की सात तारीख पर कस्बे में मेहंदी का जुलूस निकाला गया। जगह-जगह अकीदतमंदों ने ताजियेदारों का स्वागत किया। अशोक मार्केट में पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता, चेयरमैन प्रतिनिधि अमित कुमार गुप्ता, लोकेश कुमार गुप्ता आदि ने भी स्वागत किया। इस दौरान चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता फोर्स के साथ मुस्तैद रहे।

## कुल की रस्म के साथ दो रोजा उर्स संपन्न



**बहेड़ी, अमृत विचार** : रेलवे स्टेशन परिसर स्थित हामिद मियां उर्फ मामू मियां की दरगाह पर चल रहे दो रोजा उर्स का कुल की रस्म के साथ गुरुवार को समापन हुआ। दोपहर 1 बजकर 25 मिनट पर दरगाह के सज्जादानशीन हाजी नवाब मियां ने कुल की रस्म अदा की। देश में अमन के लिए दुआ की गई। सभासद ताहिर पप्पू, सलीम चंदा, मोहम्मद जाकिर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### जुलूस के रास्तों का कर लें निरीक्षण : तहसीलदार

**मीरगंज, अमृत विचार** : आगामी त्योहारों को लेकर तहसीलदार आशीष कुमार सिंह ने गुरुवार को सभागार में बीडीओ, सचिव और लेखपाल के साथ बैठक की। तहसीलदार ने कहा कि मोहर्रम के जुलूस में, जिस कर्मी की ड्यूटी लगी है, वह सभी उपस्थित रहें। जुलूस वाले रास्तों का निरीक्षण कर रिपोर्ट दें।

# फार्मर रजिस्ट्री: जिले की सुधरी स्थिति, प्रदेश में मिला सातवां स्थान

- **एक महीने पहले 35वें पायदान पर था जिला, जागरूकता के बाद तेजी से बढ़ी संख्या**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: जिले में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराने की स्थिति में सुधार हुआ है। डीएम अविनाश सिंह की सख्ती के बाद जिला प्रदेश में एक महीने में ही 35वें पायदान से छलांग लगाकर सातवें स्थान पर आ गया है।

अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश सरकार की ओर से 25 जुलाई तक विशेष पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत ग्राम प्रधान, कोटेदार और रोजगार सेवक भी किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के लिए जागरूक कर रहे हैं। किसानों को इसका महत्व बताया जा रहा है। उप कृषि निदेशक अभिनंदन सिंह ने बताया कि पीएम सम्मान निधि का लाभ लेने वाले सभी 5.45 लाख किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराने के आदेश शासन ने दिए हैं।

पहले 30 जून तक फार्मर रजिस्ट्री कराने की तिथि थी लेकिन कई जिलों में प्रगति धीमी होने पर इसकी तिथि बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि किसान अपने निकटतम जनसेवा केंद्र, पंचायत भवन में आवश्यक दस्तावेज ले जाकर पंजीकरण करा सकते हैं। इसके अलावा प्ले स्टोर पर उपलब्ध सहायक मोड एप्लीकेशन से स्वयं भी कर सकते हैं। ब्लाक और गांव के पंचायत भवन में आयोजित कैंप में जाकर भी वह रजिस्ट्री करा सकते हैं।

इधर अभियान के तहत सभी किसानों का बताया जा रहा है कि उनका नाम, गाटा संख्या, स्वामित्व वाले सभी गाटा संख्या, सह खातेदार होने पर गाटे में किसान का अंश, मोबाइल नंबर, ई-केवाईसी विवरण फार्मर रजिस्ट्री में दर्ज हो सकेगा। जिसके बाद वह पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, डिजिटल माध्यम से परामर्श आदि सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

# दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में चार लोग घायल, रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार** : रिश्तेदारों के बीच मारपीट हो गई, जिसमें चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले में 11 नामजद और 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मोहल्ला खेड़ा निवासी मो. राशिद ने बताया कि वह बुधवार सुबह 10 बजे भाई जावेद के साथ मोहल्ला बजरिया में भतीज दामाद तसलीम के घर गए थे।

वहां मोहल्ले के ही मो. अहमद, तस्लीम, मुस्लिम, सालिम, छोटे व 10-15 अज्ञात लोगों ने डंडों और रॉड से हमला कर दिया। हमले में उनके भाई घायल हो गए। मोहल्ला बजरिया निवासी सलीम ने बताया कि उसके बेटे तस्लीम का निकाह करीब 9 वर्ष पूर्व मोहल्ला खेड़ा की शाहिस्ता के साथ हुआ था। बुधवार को इकबाल, पप्पू, राशिद, जाहिद, आरिफ, तारिक और 3-4 अज्ञात लोग उसके घर आ गए। इन लोगों ने कहा कि उनकी लड़की ससुराल में नहीं रहेगी। वे लोग उसे अपने साथ ले जाएंगे। इस बात पर उसने सभासद समेत अन्य लोगों को एकत्रित कर समझाने का प्रयास किया। परंतु वे लोग झगड़ा करने पर आमादा हो गये। इन लोगों ने उनके परिवार पर हमला कर दिया। मारपीट में तस्लीम, साहिद, सभासद मो. अहमद घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज की है।

# सेक्स रैकेट : चार महिला और एक युवक को जेल भेजा

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार** : पुलिस ने सेक्स रैकेट चलाने के मामले में चार महिलाओं और एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सेक्स रैकेट चलने की सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम रिछोला किफायतुल्ला के पास एक मकान में छापामारी की थी।

मौके से चार महिलाओं और एक युवक को हिरासत में लिया था। इनके पास से चार मोबाइल, नकदी और आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई थी। पुलिस ने मामले में आरोपी अरवाज निवासी मोहल्ला बड़ी विहार थाना इज्जतर नगर व चार महिलाओं को जेल भेजा है।


पुलिस हिरासत में आरोपी महिलाएं।

## ट्राली चोर गैंग के चार सदस्य गिरफ्तार

**बहेड़ी, अमृत विचार** : पुलिस ने ट्रालियों को चुराने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की ट्राली और चोरी में प्रयुक्त ट्रैक्टर बरामद हुआ है।

आरोपियों की पहचान मो. दिलशाद निवासी जादौपुर, संजीव निवासी ग्राम मसीत, सुरेश यादव निवासी ग्राम महेरापुर शिव सिंह और धर्मवीर निवासी ग्राम मसीत थाना भोजीपुरा के रूप में हुई है। आरोपियों ने 22 जून को ग्राम बांसबोझ से एक ट्राली चोरी की थी। जिसे वे संजीव के ट्रैक्टर से खींचकर ले गए थे। इसके अलावा, उन्होंने 12 अप्रैल को ग्राम लबेदा से भी एक ट्राली चोरी की थी।

# दामाद ने चाकू से हमला कर ससुर को किया घायल

**नवाबगंज, अमृत विचार** : दामाद ने चाकू से हमला कर ससुर को घायल कर दिया। पुलिस ने घायल को सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

हाफिजगंज के अहमदाबाद गांव निवासी श्यामलाल राठौर ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करते हैं। गुरुवार को वह बाईपास पर ई रिक्शा में सवारियां बिठा रहे थे। तभी अचानक मोहल्ला भट्टा पहलवान निवासी दामाद सतीश राठौर ने ससुर श्यामलाल पर चाकू से हमला कर दिया। सतीश ससुर को खून से लथपथ छोड़कर धमकी देते हुए फरार हो गया। बताते हैं कि सतीश का पत्नी से विवाद चल रहा है। इस वजह से श्यामलाल ने पुत्री को घर पर रोक लिया है। इसी रंजिश में सतीश ने ससुर पर हमला किया। पुलिस ने बताया कि अभी घायल की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है।


अस्पताल में भर्ती घायल।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
शादी से पहले मेरा नाम सुरजीत कौर पुत्री गुरदीप सिंह था। उसके बाद रवनीत कौर पत्नी जसविंदर सिंह हो गया है। मुझे इन दोनों नामों से जाना पहचाना जाए। **रवनीत कौर पत्नी जसविंदर सिंह निवासी ग्राम मंडप फार्म बैलहा तहसील निघासन जिला खीरी।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में पिता का नाम भूलवश कुलदीप राय ढीनगरा दर्ज हो गया है जोकि गलत है जबकि उनका वास्तविक नाम कुलदीप राज ढीनगरा है। **रोहित ढीनगरा पुत्र कुलदीप राज ढीनगरा निवासी 51, कालेज मार्ग, बिजनेस रेजीडेंस, सिविल लाइन्स, बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र राजकुमार को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **मोहरपाल पुत्र स्व. श्री महीलाल निवासी ग्राम हजरतपुर थाना हजरतपुर तहसील दातागंज जिला बदायूँ।**

**सूचना**
मेरे आधार कार्ड में नाम प्रणय सिंह दर्ज है जोकि सही है जबकि मेरे सी बी एस सी बोर्ड हाईस्कूल की अंक तालिका में प्रणय भूलवश दर्ज हो गया है । जोकि गलत है,अंक तालिका में सही नाम प्रणय सिंह दर्ज किया जाना अति आवश्यक है। **प्रणय सिंह पुत्र भूपेन्द्र सिंह निवासी ग्राम डंडियां नगला तहसील बहेड़ी, बरेली**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र मोनू व पुत्रवधु काजल के दुर्व्यवहार के कारण सम्बंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का वास्ता ना होगा । **रामा देवी पत्नी स्व. नूकता प्रसाद नि-179, बी नवादा जोगियान, आर के विश्वविद्यालय, थाना बारादरी, बरेली।**

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

